e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 225

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
18.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जिंदगी उनके लिए कभी आसान नहीं होती जो केवल सपने देखते हैं..

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## कोल्हान प्रमण्डलीय
# रोजगार मेला
## (ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **10,200** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर



**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय केंद्रीय मंत्री, जनजातीय मामले, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री चंपाई सोरेन**
माननीय मंत्री, परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती जोबा मांझी**
माननीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र

**श्री विद्युत बरन महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र

**सम्मानित अतिथि**

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर (पूर्वी)

**श्री दीपक बिरुआ**
माननीय विधायक, चाईबासा

**श्री निरल पूर्ति**
माननीय विधायक, मझगाँव

**श्री दशरथ गगराई**
माननीय विधायक, खरसावाँ

**श्री सुखराम उराँव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्रीमती सबिता महतो**
माननीय विधायक, ईचागढ़

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सोनाराम सिंकू**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**श्री समीर कुमार मोहन्ती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका

**दिनांक : 18 अगस्त, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : टाटा कॉलेज मैदान, चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)**

PR NO-304885 (Labour Employment and Traning) 23-24

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार**

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### 20 को पिपरा आएंगे राजद प्रदेश अध्यक्ष : रामाशीष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** प्रखंड पिपरा राजद अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने सूचना देते हुए बताया है की 20 अगस्त को राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हुसैनाबाद हरिहरगंज संजय कुमार सिंह यादव पिपरा प्रखंड के सम्मानित कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं मुलाकात करने आएंगे। उनके साथ जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा भी रहेंगे। प्रखंड क्षेत्र के सभी राजद के सम्मानित कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से निवेदन है कि भारी से भारी संख्या में दिन रविवार को राजद प्रखंड कार्यालय पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जी का हर्ष उल्लास के साथ स्वागत करने की कोशिश करेंगे।

# उपायुक्त ने की कल्याण विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने पोस्ट मैट्रिक, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, वैधिक सहायता योजना, धुमकुड़िया भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चाहरदिवारी योजना, सरना स्थल घेराबंदी योजना, सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर उचित निर्देश दिये। **प्रखंडवार कब्रिस्तान चाहरदीवारी निर्माण की समीक्षा की :** उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान एक-एक कर सभी प्रखंडों में जारी अल्पसंख्यक कब्रिस्तान चाहरदीवारी निर्माण की जानकारी ली साथ ही लाभुक समिति का चयन हुआ है या नहीं इससे भी अवगत हुए। इसी क्रम में उन्होंने पाटन के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को स्थल का भौतिक रूप से निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह उन्होंने धुमकुड़िया भवन निर्माण, बिरसा आवास योजना, सरना स्थल की घेराबंदी आदि की भी जानकारी ली एवं बिरसा आवास निर्माण में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने पर बल दिया। उन्होंने सभी ब्लॉक कल्याण पदाधिकारी को निर्माणाधीन सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी तरह के स्कॉलरशिप योग्य छात्रों को तय समय सीमा के भीतर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी समेत भवन निर्माण के सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

## बाइक चोर गिरफ्तार भेजा गया जेल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देशानुसार शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बाइक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि दिनांक 15 अगस्त को रजीउल्लाह रजी पिता अमीनउल्लाह अंसारी के द्वारा महिन्द्रा आर्केड के सामने से खड़ा की गई मोटर साईकिल संख्या जेएच03एस-8178 सुपर स्पलेण्डर बाईक के चोरी कर लिये जाने से संबंधित शहर थाना में आवेदन लिखकर मामला दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में चोरी किये गये मोटर साईकिल संख्या जेएच03एस-8178 को चोर विकास कुमार उर्फ विक्की पासवान निवासी सा0 लोहड़ा थाना पड़वा जिला पलामू के निशानदेही पर शहर थाना अन्तर्गत गुरसौती नदी के पास से बरामद किया गया। इस मामलें में विकास कुमार उर्फ विक्की पासवान को गिरफ्तार किया गया तथा शामिल एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने मोटर साईकिल संख्या जेएच03एस-8178 बरामद किया है। छापामारी अभियान में एएसआई जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, इन्द्रदेव पासवान, आरक्षी / 387 संतन कुमार मेहता, आरक्षी / 1171 मो0 शारिक इरशाद,आरक्षी/643 इशरार अहमद सहायक आरक्षी/126 प्रफुल्ल सिंह सभी थाना शहर एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## स्ट्रीट लाइट लगाने में धांधली, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन : अरविंद



**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर नगर पंचायत के चुनाव के पांच साल बाद नगर में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटें लगने के बाद ही खराब हो रही हैं स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता को देखते हुए स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि इसकी खरीदारी में भारी धांधली बरती गई है। ये बातें एसडीओ को ज्ञापन सौंपने के बाद छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने पत्रकारों से कही। उन्होंने एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर कई मामलों की जांच और कार्रवाई की मांग की है दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि नगर क्षेत्र में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटो के लगने के तुरंत बाद खराब होने के कारण उनकी गुणवत्ता की जांच करते हुए खरीदारी में हुए घपले के मद्देनजर दोषियों पर कार्रवाई करने और नगर में लगाए जा रहे लाइटों की खरीदारी में लगभग दो करोड़ 48 लाख की अनुमानित लागत आयी है, प्रति लाईट की कीमत लगभग 85 सौ पड़ रही है जो कहीं न कहीं प्राक्कलन घोटाले की ओर इशारा कर रहा है। उसकी खरीदारी की जांच कराने। नगर में ऑटो स्टैंड का निर्माण कर मूलभूत सुविधाएं बहाल करने। जलसंकट के मद्देनजर पीएचईडी द्वारा पाँच पांडव पहाड़ी पर निर्माणाधीन पानी टँकी का निर्माण अविलम्ब सुनिश्चित कराने ताकि नगर में व्याप्त जल संकट से निबटा जा सके। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर में चारो तरफ कूड़े और गंदगी का अम्बार पसरा है उसकी सफाई सुनिश्चित कराई जाए। बारिश के मद्देनज़र नगर के सम्भावित स्थानों पर नालियों की सफाई सुनिश्चित कराई जाए। नगर में आवंटित पीएम आवास के सभी लाभुकों को उनकी क़िस्त भुगतान कराया जाये।

# विधायक ने हरिहरगंज में तीन अलग-अलग योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में तीन अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें सेमरबार तथा बेलौदर गांव में विवाह मंडप जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण तथा हरिहरगंज पंच मंदिर के समीप राकेट गुप्ता के घर से लखन साहू के घर तक पीसीसी पथ तक नाली निर्माण योजना शामिल है। इसके अलावा विधायक ने सेमरबार में चबूतरा निर्माण तथा लाइट लगाने का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। विकास कार्य को और भी तेज किया जाएगा। वहीं विधायक शहर स्थित विवाह मंडप में वैश्य जागृति मंच के तत्वावधान में आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता ने किया। उपस्थित लोगों ने शहर में कवरयुक्त विद्युत तार लगाने, बिहार बिहारिनी मठ संघर्ष समिति के सदस्यों पर झूठे मुकदमों को वापस कराने तथा शहर के नालियों की सफाई कराने का मांग किया। वहीं विधायक ने उनकी मांगों को गंभीरता पूर्वक समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, पिपरा प्रतिनिधि संदीप पासवान, हरिहरगंज प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, एनसीपी प्रदेश महासचिव अखिलेश मेहता, प्रिंस सिंह, हुसैनाबाद 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र उर्फ गुड्डू सिंह,प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, उदय सिंह, कान्हा सिंह, मुरारी सिंह, अनिल कुमार सिंह, रंजन सिंह, संजीत सिंह, प्रदीप सिंह, सीताराम सिंह, श्याम बिहारी सिंह, रामवृक्ष मस्ताना, मुरारी यादव, पारस सिंह जितेंद्र मेहता, रविंद्र मेहता, अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# गौतम राज बने पिपरा प्रखंड के बीएफएसी के अध्यक्ष





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड सभागार में दिनांक 16-8-2023 को प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव की अध्यक्षता में प्रखंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद के चयन के लिए कृषक अभिरुचि समूह के नेता के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने अपना नाम का प्रस्ताव दिया (इस मतदान प्रक्रिया में कुल 24 लोगों ने मतदान किया। जिसमें 21 वोट गौतम राज को मिले। यह चयन परियोजना निदेशक आत्मा पलामू के पत्रांक 209 दिनांक 4-8-2023 तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी पिपरा के पत्रांक 553 दिनांक 14-08-2023 के आलोक में कराया गया. प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार के निर्देश एवं उपस्थिति में पूरे मतदान प्रक्रिया को कराया गया। जिसमें प्रताप किसान अभिरुचि समूह पिपरा के गौतम राज को प्रखंड कृषक सलाहकार समिति बीएफएसी का अध्यक्ष चुना गया. मौके पर एफआईजी के लीडर नेता सुनील कुमार सिंह अरुण कुमार सिंह कमलेश प्रजापति सुरेंद्र सिंह रमेश ठाकुर अभिमन्यु कुमार सिंह मनोज तिवारी बैजनाथ सिंह उमेश यादव धनंजय यादव जनेश्वर राम राजकुमार राम संतोष यादव राजेश कुमार नितीश मनोज सिंह राजेश सिंह बलराम मेहता संजय कुमार सिंह बृजमोहन राम मंकु विश्वकर्मा नीतीश कुमार सिंह विजय राम कृषक मित्र पिंटू कुमार सिंह लाल बहादुर सिंह अभय सिंह पिंटू सिंह धर्मेंद्र सिंह अर्जुन यादव विनोद यादव जय किशोर सिंह सतनारायण राम मिथिलेश सिंह मनोज यादव अवधेश राम कुश यादव मनोज राम नंदू उरांव प्रभु यादव प्रतिमा देवी मिथिलेश सिंह अंजना देवी सत्येंद्र यादव सुशीला देवी वही जनप्रतिनिधि उपप्रमुख उपेंद्र कुमार यादव जनेश्वर रजवार जिला परिषद सदस्य ददन पासवान पिपरा मुखिया प्रतिनिधि राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान युवा नेता विकास तिवारी मधुबाना मुखिया राजेश राजवंशी जनेश्वर भुइया सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी थाना क्षेत्र के सोनडीहा ग्राम निवासी विजय यादव के 22 वर्षीय पुत्र अरविन्द यादव की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से हो गई.जानकारी के अनुसार मृतक अरविन्द यादव खेत मे पटवन के लिये मोटर चलाने गया था, इसी दौरान वह विधुत करंट की चपेट में आ गया। जानकारी मिलते ही परिजन उसे इलाज के लिये अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आये, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर जविप्र की दुकानों की जांच और कार्रवाई की मांग की

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कधवन ग्राम स्थित भुइयाँ टोला के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार पर तीन माह का राशन नही देने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई करने तथा राशन दिलाने की मांग किया है.आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि जनवितरण प्रणाली की दुकानदार इसरत बीबी जो महिला स्वयं सहायता समूह से है,इनके द्वारा लाभुकों को विगत तीन माह से राशन नही दिया जा रहा है.ग्रामीणों ने कहा है कि तराजू पर ईंट पत्थर रखकर यह कहते हुये अंगूठा लगवाया गया कि अंगूठा लगाइएगा तभी राशन मिलेगा.अंगूठा लगवाने के बाद कहा जा रहा है कि सरकार द्वारा राशन प्राप्त नही हुआ है, जब राशन मिलेगा तो देंगें.आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में हजरत अली, नरेश भुइयां, देनु भुइयां, करमी कुँवर, विनीता देवी, हरिहर भुइयां, लालती कुँवर, रीता देवी, राजकुमारी देवी, शम्भू सेठ, पंकज भुइयां, मूरति देवी, मीना देवी, चम्पा देवी, दुलारी कुँवर, बसंती देवी, चिन्ता देवी, सकीबा बीबी, पनवा देवी, विनोद सेठ, मनता देवी सहित 71 ग्रामीण लाभुकों के नाम शामिल है।

# मतदाता सूचि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** अंचल क्षेत्र के सभी बीएलओ एवम पर्यवेक्षक के साथ अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी पंडवा श्री चंद्र देव प्रसाद के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान किए जा रहे हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन के संबंध में समीक्षा बैठक प्रखंड सह अंचल सभागार में की गई। इस दौरान हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन के विशेष पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण कराने हेतु उपायुक्त पलामू के आदेश से कार्यपालक पदाधिकारी छतरपुर श्री अशोक कुमार एवम सिटी मैनेजर मेदिनीनगर भी बैठक में मौजूद रहे। कार्यपालक पदाधिकारी छतरपुर ने अविलंब प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ ही सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा सभी पर्यवेक्षक एवं बीएलओ को निर्देश दिया गया कि एक एक घर जाकर नए मतदाता को चिन्हित करना है,उन्हें मतदाता सूची से जोड़ना है एवं ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है यह कहीं और हमेशा के लिए शिफ्ट कर गए हैं उन्हें चिन्हित करते हुए मतदाता सूची से हटाना है ताकि मतदाता सूची को अद्यतन किया जा सके। उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 5 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने से पूर्व दो अहर्ता तिथि जिसमें 1अक्टूबर 2023 एवं 1 जनवरी 2024 शामिल है। 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी नागरिकों को मतदाता बनाना सुनिश्चित करना है।

## पंचायत में मुखिया ने फहराया तिरंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मुखिया व पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने 15 अगस्त को पंचायत भवनों पर झंडोत्तोलन कर 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। कजरी पंचायत की मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने पंचायत भवन पर झंडोत्तोलन किया। मौके युवा समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, अशोक सिंह, उपमुखिया रीमा देवी, वार्ड सदस्य संगीता देवी , पप्पू राम व पवन विश्वकर्मा रामलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला- पुरूष व बच्चे शामिल थे। मुखिया श्रीमती सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन तमाम शहीदों को पूरे ग्राम की ओर से नमन करती हूं। जिनके बलिदान के कारण आज हम 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जुटे हैं। हमें उन शहीदों के त्याग को अपने जीवन में उतारना होगा। तभी हमारा समाज व देश का चहुमुंखी विकास की गाड़ी की रफ्तार तेज गति पकड़ सकेगी। आज पंचायत का जो विकास झलक रह है वह सभी ग्रामीणों के सहयोग का परिणाम है। वहीं लोहड़ा मुखिया सुमित्रा देवी, मझिगांव मुखिया आशा प्रसाद , गाड़ी खास मुखिया शंकर साव , पंडवा पंचायत मुखिया सिंधु देवी, पतरा पंचायत मुखिया सुनीता देवी, छैछौरी पंचायत मुखिया राजीव रंजन, मुरमा पंचायत मुखिया कमला देवी आदि ने भी अपने-अपने पंचायतों में झंडोत्तोलन कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। कजरी पंचायत भवन में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में उप प्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटू सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## फर्जी तरीके से मुखिया के साइन और मोहर के इस्तेमाल पर दो प्रज्ञा केंद्र संचालको की हुई गिरफ्तारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** प्रखंड के टंडवा पंचायत मुखिया संतोष सिंह ने हाई स्कूल के स्थित गुप्ता मोबाईल के संचालक सह जोगिराल निवासी मनोज कुमार साह व एक अन्य मोबाईल दुकानदार मनोज साह पर मुखिया पद का मुहर व हस्ताक्षर के फर्जी तरीके से स्कैन कर सरकारी कार्य में इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में संतोष सिंह ने बताया कि फसल राहत योजना, सुखा राहत सहित अन्य सरकारी योजनाओं में स्कैन व मुहर कर फर्जी तरीके से उपयोग किया जा रहा था। उसके बदले ग्रामीण जनता का आर्थिक दोहन किया जा रहा है.आवेदक संतोष सिंह ने कहा की मुखिया के जानकारी के बैगेर हस्ताक्षर और मुहर का गलत प्रयोग किया जा रहा है जो अपराध के श्रेणी में आता है.उन्होंने बताया की इस क्रम में टंडवा पंचायत के अलावे सदर पंचायत मुखिया दुलारी देवी व बहियार कला मुखिया सावित्री देवी का फर्जी हस्ताक्षर व मुहर का फर्जी आवेदन उक्त दुकान से प्राप्त हूवा है.उन्होंने आशंका जताया है की रमना प्रखंड के अन्य प्रज्ञा केंद्र में इस तरह का फर्जी कार्य किया जा रहा होगा.उन्होंने उक्त संबंध को संज्ञान में लेते हुवे करवाई की मांग की है। आवेदन में रमना मुखिया दुलारी देवी, बहियार कला मुखिया सावित्री देवी ने करवाई की मांग की है।

## चैनपुर में शान से लहराया तिरंगा



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह चैनपुर में धुमधाम से मनाया गया। प्रखण्ड क्षेत्र के सरकारी गैर-सरकारी संस्थाओं में शान के साथ झंडोत्तोलन किया गया व तिरंगे को सलामी दिया गया। चैनपुर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रमुख गायत्री देवी, उपप्रमुख सुनील सिंह, चैनपुर थाना में थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे,एजीएम प्रबंधक संजीव कुमार, सलतूआ राजकीय स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में प्राचार्या सुभाष कुमार वैध, कंकारी पंचायत सचिवालय में मुखिया कुसुम देवी, बांसडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया लाल बहादुर भुइया, जिला परिषद सदस्य फैजायल अहमद अंसारी, चैनपुर चेक पोस्ट पर चैनपुर थाना प्रभारी ने झंडोत्तोलन किया व तिरंगे को सलामी दी।


जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई।



निवेदक

चन्द्र देव प्रसाद

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी पंडवा, पलामू।

जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई।



निवेदक

नूतन देवी

महिला नेत्री, समाजसेवी तोलरा पंचायत विश्रामपुर पलामू।

जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई।



निवेदक

अंकित राज

लेखा सहायक, विश्रामपुर ब्लॉक।


**संवेदक स्वयं बनें अपना सहारा : कार्यपालक अभियंता**

# निवर्तमान कार्यपालक अभियंता नसीम अली की हुई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ईश्वर उन्हीं की मदद करते हैं जो अपनी मदद स्वयं करते हैं। संवेदक स्वयं अपना सहारा खूद बनें। ईश्वर जरूर साथ देगा। उक्त बातें भवन निर्माण विभाग के निवर्तमान कार्यपालक अभियंता नसीम अली ने कही। वे बुधवार की शाम संवेदकों, कार्यालय कर्मियों व पदाधिकारियों द्वारा आयोजित अपनी विदाई समारोह में बोल रहे थे। नसीम अली ने कहा कि पलामू तबादला हुआ तो इस पनिशमेंट माना। परंतु संवेदकों, कार्यालय कर्मियों सहित जिला प्रशासन से मिले सहयोग व सम्मान से अभिभूत हुए। तनाव खत्म हो गया था। इसके बाद पलामू में बेहतर ढंग से कार्य को संपादित किया। योजनाओं का अंबार लगाया। उनकी पहली प्राथमिकता थी कि सभी संवेदकों को कार्य आवंटित हो। आज के विदाई समारोह में संवेद को व कार्यालय कर्मियों द्वारा मिले प्यार से मैं अभिभूत हैं। ऐसा लग रहा है मानो आज उनकी विदाई नहीं बल्कि पुन~ आगमन जैसा महसूस हो रहा है। यहां से जरूर जा रहे हैं लेकिन एक-एक व्यक्ति को याद रखेंगे। इसके पूर्व संवेदकों ने नसीम अली को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया व फूल-मालाओं से लाद दिया। कार्यक्रम में अकाउंटेंट नीरज कुमार, एजाज़ अहमद, संवेदक टिंकू जयसवाल व रमेश चौधरी ने उपहार भेंट किया। अकाउंटेंट नीरज कुमार ने कहा कि कार्यपालक अभियंता ने रचनात्मक सहयोग किया। उनकी यादों की तस्वीर को हमेशा सजाएं रखेंगे। एजाज अहमद ने कहा कि उन्हें सहयोगात्मक कार्यपालक अभियंता के रूप में नसीम अली सर पहली बार मिले। मौके पर ट्रेजरी पदाधिकारी, बड़ा बाबू सतेंद्र दुबे, एसडीओ सचिन कुमार, संदीप कुमार व सुनील पाल आदि ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। मौके पर संवेदक केसरी सिंह, रिंकू तिवारी, गोपाल सिंह, विवेक त्रिपाठी, सुनील सिंह व अनिल सिंह आदि संवेदकों ने कार्यपालक अभियंता नसीम अली को विकास पुरुष बताया।

# अनुमंडल मुख्यालय स्थित सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में बड़े शान से लहराया तिरंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आजादी के 77 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर आन, बान, शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर अनुमंडल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में एसडीओ आलोक कुमार ने तिरंगा झंडा फहराया। सर्वप्रथम एसडीओ आवास व कार्यालय पर एसडीओ आलोक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय व आवास पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी अनुमंडलीय अस्पताल में प्रभारी अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर गोकुल प्रसाद, नगर ऊंटरी थाना परिसर में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना में थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साव, नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ आलोक कुमार, अनुमंडलीय दिव्यांग संघ कार्यालय में दिव्यांग संघ के अध्यक्ष कमलेश बिहारी, चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के कार्यालय में अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाल्हे कलां में शाखा प्रबंधक रंजीत कुमार पांडेय, प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र पांडेय, शंकर प्रताप देव डिग्री महाविद्यालय में झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, सहित टीडीएम कॉलेज अधौरा, मां नगीना शाही महाविद्यालय, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पुरैनी शाखा भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सरस्वती विद्या मंदिर, अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, नगर उंटारी रेलवे स्टेशन, वन विभाग परिसर सहित सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 225
शुक्रवार
18.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जिंदगी उनके लिए कभी आसान नहीं होती जो केवल सपने देखते हैं..

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## पीवीटीजी के युवाओं के लिए निशुल्क आवासीय कोचिंग शुरू करने वाला झारखंड बना देश का पहला राज्य

# सीएम ने नगाड़ा बजाकर किया नि:शुल्क आवासीय कोचिंग का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज प्रतियोगिता का जमाना है। समाज में समय के साथ तेजी से कई बदलाव आ रहे हैं। इसमें आदिवासी समुदाय को आगे बढ़ने की जरूरत है। इसके लिए आपको संघर्ष करना होगा। कई चुनौतियां से निपटना होगा। कड़ी मेहनत करनी होगी। नए रास्ते बनाने होंगे।अपनी गति को बनाए रखनी होगी। तभी आप आगे बढ़ेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप इन तमाम परिस्थितियों से निकलते हुए कामयाबी की मंजिल प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान मोरहाबादी रांची में अत्यंत संवेदनशील आदिवासी समुदाय (पीवीटीजी ) के युवक-युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतू नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम का पारंपरिक तरीके से नगाड़ा बजा कर शुभारंभ करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के मुफ्त राशन पर आप सिर्फ जिंदा रह सकते हैं। आप इस राशन के भरोसे ना आप पढ़ाई-लिखाई कर सकते हैं और ना रोजगार पैदा कर सकते हैं। मुफ्त राशन के जरिए आप आगे कभी नहीं बढ़ सकते हैं । ऐसे में मेरा मानना है कि सरकार का दायित्व सिर्फ लोगों को मुफ्त राशन भर देना नहीं है, बल्कि तमाम संवेदनशील विषयों पर बेहतर नीति बनाने के साथ उसे धरातल पर उतारने की जरूरत है।

### आदिवासी बच्चे अब विदेश में प्राप्त कर रहे हैं उच्च शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार के द्वारा आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यकों के बच्चों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भेजा जा रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के द्वारा बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है । वहीं , फूलो -झानो आशीर्वाद योजना के तहत हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। हमारी सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो झारखंड की दशा और दिशा को बदलने का काम कर रहे हैं । यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक कि हमारा राज्य और हमारी जनता समृद्ध और खुशहाल नहीं बन जाते हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा

* सरकार का दायित्व सिर्फ लोगों को मुफ्त राशन भर देना नहीं है, बल्कि तमाम संवेदनशील विषयों पर बेहतर कार्य करना है
* प्रतियोगिताओं के इस दौर में वही आगे बढ़ेंगे, जिनके पास तमाम चुनौतियों और संघर्षों से निपटने की क्षमता होगी
* आदिवासियों को सशक्त, मजबूत और समाज के अन्य वर्गों के समकक्ष खड़ा करने के लिए सरकार लगातार कर रही काम
* आदिवासी समुदाय आगे बढ़े इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध

### 156 युवक- युवतियों का हुआ है चयन

पीवीटीजी समुदाय के युवक-युवतियों के नि:शुल्क आवासीय कोचिंग के लिए कुल 373 आवेदन मिले थे। इसमें 156 आवेदकों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। चयनित आवेदकों में 63 युवती और 93 युवक शामिल हैं। इसमें असुर समुदाय के 33, बिरहोर समुदाय के 3, बिरजिया समुदाय के 27, कोरवा समुदाय 22, परहैया समुदाय के 9, सबर समुदाय के 1, माल पहाड़िया समुदाय के 38, सौरिया पहाड़िया के 23 युवक युवती हैं।इसके अलावा शिक्षण हेतु शिक्षकों की सूची तैयार कर ली गई है।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, टीआरआई के निदेशक रणेन्द्र कुमार और अपर सचिव अजय नाथ झा विशेष रूप से मौजूद थे।

### राज्य के लोगों ने जो सपने देखे थे उसे पूरा कर रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा अलग राज्य बनने के बाद लोगों ने जो सपने देखे थे, वे कितने हकीकत में साकार हुए । इस पर मंथन करने की जरूरत है । विशेष कर आदिवासी बहुल राज्य में आदिवासियों के विकास में हम कितना आगे बढ़े, इस पर भी विचार करना होगा। लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि पिछले दो दशकों में जो काम नहीं हुए हमारी सरकार ने कोरोना जैसी महामारी से निपटते हुए काफी कम समय में कई ऐसी गतिविधियां चलाई हैं, जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।



## सीएम ने दी मुखिया के विरुद्ध अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीई दर्ज करने की अनुमति

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जमशेदपुर आईआर संख्या-28/18 के आरोपी सुश्री मिसफिका हसन, मुखिया, ईलामी पंचायत, ग्राम-ईलामी, पंचायत ईलामी, प्रखण्ड-पाकुड़ के विरूद्ध अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीई दर्ज कर जांच की अनुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, रांची को दिये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। आरोपी मुखिया के विरुद्ध परिवादी के परिवाद पत्र भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार सत्यापित हैं। परिवादी से शपथ पत्र प्राप्त है तथा ब्यूरो सत्यापन प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी के नाम से वर्ष 2016 से मई 2018 के मध्य कुल 08 केवाला (रजिस्टर्ड डीड) है तथा अन्य सम्पति भी है, जिसे खुले जांच से प्राप्त किया जा सकता है। परिवाद पत्र में लगाये गये आरोपों के सत्यापनोपरान्त तत्कालीन पुलिस निरीक्षक-सह- सत्यापनकर्ता भ्रनिब्यूरो, दुमका द्वारा समर्पित सत्यापन प्रतिवेदन में परिवादी के आरोपों की पुष्टि होने तथा पूरे मामले की खुली जांच हेतु अवैध संपत्ति अर्जन मामले में पीई दर्ज करने की अनुशंसा की गयी थी। बता दें कि मिस्फिका हसन अभी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री हैं.

## क्विक न्यूज

### सुपरस्टार रजनीकांत पहुंचे रांची, राज्यपाल से मिले, रजरप्पा मंदिर में की पूजा

**रांची:** सुपरस्टार रजनीकांत झारखंड दौरे पर हैं. यह उनका बेहद निजी दौरा है. बुधवार को वे दिल्ली से रांची पहुंचे और सीधे राजभवन चले गये. वहां उन्होंने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. इस निजी मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने एक्टर रजनीकांत को उपहार स्वरूप एक पुस्तक भेंट किया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह एक्टर रजनीकांत रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका के मंदिर में गये और पूजा अर्चना की. दरअसल, रजनीकांत खुद को प्रोटोकॉल सिस्टम से अलग रखते हैं. उनकी पहचान बेहद ही सरल इंसान के रूप में होती है. सूत्रों के मुताबिक रजनीकांत का पहले से ही राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से संबंध रहा है. दोनों तमिलनाडु के हैं. खास बात है राजभवन की ओर से भी बताया गया है कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी.

### सड़क दुर्खटना में दो बाइक सवार की मौत

**मेदिनीनगर :** पांकी- मेदिनीनगर मख्य पथ के सागलिम-पीरी मोड़ के पास गुरुवार को ट्रक और बाइक में सीधी टक्कर हो गई। बाइक सवार दो नाबालिग बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों ने ट्रक को कब्जे में लिया। मृतकों में सुनील और प्रवेश भुइयां शामिल हैं। दोनों नाबालिग पांकी पश्चिमी पंचायत के ग्राम हरैया के रहने वाले थे। सूचना मिलने के बाद बाकी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है।

### भिवंडी में आरोपित शमिल के घर पर एनआईए का छापा, कई मोबाइल सहित आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

**मुंबई :** महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम ने आरोपित शमिल साकिब नाचन के भिवंडी स्थित पड़घा इलाके में छापा मारकर कई मोबाइल, हार्ड डिस्क सहित हाथ से लिखे आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। आईएसआईएस के स्लीपर सेल के सदस्य नाचन को एनआईए ने 11 अगस्त को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने गुरुवार को बताया कि एनआईए की एक टीम ने ठाणे जिले के पडघा स्थित नाचन के आवास की तलाशी ली। नाचन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइसेज (आईईडी) के निर्माण और परीक्षण में शामिल पाया गया था और आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए आईईडी असेंबली और प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लिया गया था। इसीलिए आज समिल नाचन के आवास की तलाशी ली गई और कई मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क और कुछ हाथ से लिखे दस्तावेज बरामद किए, जिनकी जांच और विश्लेषण किया जा रहा है। हाथ से लिखे दस्तावेज में देश में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने की आतंकवादी संगठन की साजिश का पर्दाफाश हो रहा है।

## उग्रवादी संगठन जेकेएम सुप्रीमो पत्नी के साथ गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार:** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड क्रांति मोर्चा सुप्रीमो शंकर राम उर्फ सौरव जी एवं पत्नी कविता भूईयां को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल पुलिस अधीक्षक, अंजनी अंजन लातेहार को गुप्त सूचना मिली की कुमण्डी, बेदी, लेदपा आदि क्षेत्रों में झारखण्ड क्रांति मोर्चा नामक उग्रवादी संगठन के लोग विकास कार्यो में लगे संवेदकों से लेवी वसूलने एवं किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक विशेष छापमारी दल का गठन समादेष्टा 214 बटालियन सीआरपीएफ केडी जोशी के नेतृत्व में किया गया। बुधवार को लातेहार थानान्तर्गत ग्राम बेन्दी के आसपास के इलाकों में जब ये टीम पहुंची तो झारखण्ड क्रांति मोर्चा के सुप्रिमो शंकर राम उर्फ सौरभ जी पिता नन्देव राम एवं उसकी पत्नी कविता देवी को संदिग्ध अवस्था में देखा गया। पूछताछ के क्रम में इनके निशानदेही पर छुपाकर रखा गया हथियार गोली, नक्सल साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री को बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-1. शंकर राम उर्फ सौरभ जी पिता नन्देव राम ग्राम-नावाडीह, थाना छिपादेहर, जिला- लातेहार। 2. कविता देवी पति शंकर राम उर्फ सौरभ जी ग्राम- नावाडीह, थाना- छिपादेहर, जिला-लातेहार का रहने वाला है।बतादें कि शंकर लम्बे समय तक माओवादी में एरिया कमांडर के पद पर रहकर कार्य किया है।

इसके साथ अन्य नक्सली संगठनों में भी कार्य कर चुका। इसके उपर 8 मामले भी दर्ज हैं।

गिरफ्तार नक्सली के पास से 315 बोर का देशी रायफल, 3 देशी कट्टा, 315 बोर का गोली,-5 चक्र फौजी वर्दी, जूता, कपड़ा सामान सहित एक नक्सल साहित्य, आधार कार्ड व डायरी बरामद हुआ है।

## डुमरी विस उप चुनाव: इंडिया व एनडीए के उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेरमो :** डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए गुरुवार को अंतिम दिन इंडिया गठबंधन की झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी और एनडीए की प्रत्याशी यशोदा देवी ने अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इंडिया की प्रत्याशी और प्रदेश की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी के साथ नामांकन के दौरान झामुमो विधायक मथुरा महतो, कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम विधायक सरफराज अहमद, माले विधायक बिनोद सिंह भी अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। पर्चा दाखिल करने के बाद बेबी देवी ने कहा कि उनका सपना अब उनका नहीं रहकर उनके पति से जुड़ा हुआ है। डुमरी को हर तरह से स्नेह देना ही उनके चुनाव जीतने का मकसद है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जो स्नेह और समर्थन डुमरी की जनता से उनके पति जगरनाथ महतो को मिला, वह उन्हें भी मिलेगा। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि डुमरी की एक एक जनता इस बार बेबी देवी के साथ है। उन्हें इस उप चुनाव में भारी मतों से विजय मिलेगी। एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के नामांकन के दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, पूर्व सांसद डॉ रविन्द्र राय, विधायक रणधीर सिंह, विधायक नारायण दास, डुमरी के भाजपा नेता प्रदीप साहू पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि डुमरी विधानसभा सीट पर उप चुनाव में मतदान पांच सितंबर को है। आठ को मतगणना होगी। डुमरी प्रखंड की 37 पंचायत और बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड की 24 पंचायत व चंद्रपुरा प्रखंड की नौ पंचायतों में 373 बूथ बनाये गये हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 2,98,629 हैं।



## 23 अगस्त को चांद पर लैंड करेगा चंद्रयान-3

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चंद्रयान-3 मिशन में भारत को एक अहम सफलता मिली है। मिशन को आगे बढ़ाते हुए प्रोपल्शन मॉड्यूल से विक्रम लैंडर अलग हो गया है। इसके बाद अब लैंडर चांद तक अकेले ही सफर करेगा, जहां वह 23 अगस्त को दक्षिणी हिस्से पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। अगर यह लैंडिंग सफल हो जाती है तो भारत चांद के दक्षिणी हिस्से पर उतरने वाला पहला देश बन जाएगा। साथ ही अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने वाला केवल चौथा देश होगा। प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग होने के बाद अब लैंडर चांद की कक्षा में पहुंच गया है। यहां वह 23 अगस्त तक चक्कर लगाएगा।



इस दौरान इसकी स्पीड को कम कर दिया जाएगा। इसके बाद उसे चांद की सतह पर लैंड कराया जाएगा। इस दौरान प्रोपल्शन मॉड्यूल रिले सैटेलाइट के रूप में परिवर्तित हो जाएगा। यह चांद की कक्षा के बाहर ही रहेगा और यही चक्कर लगाएगा। इसके बाद लैंडर जब चांद पर अपना काम शुरू कर देगा तब यही मॉड्यूल एक रिले सैटेलाइट का रूप ले लेगा और चंद्रयान-3 मिशन के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। बता दें कि विक्रम लैंडर पर सात पे लोड्स लगे हुए हैं, जिनका अलग-अलग काम है। यह पे लोड्स जो भी सिग्नल भेजेंगे वह इसी रिले सेटेलाइट को रिसीव होंगे। यह रिले सैटेलाइट उन सिग्नल्स को डिकोड करके नीचे धरती पर इसरो के कंट्रोल रूम में भेजेगा। अगर आसान शब्दों में कहें तो आज से प्रोपल्शन मॉड्यूल विक्रम लैंडर और धरती के रूप में संदेशों के बीच में ब्रिज का काम करेगा। इस लिहाज से प्रोपल्शन मॉड्यूल की भूमिका अब और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी।

## पार्किंग जोन बनाए नगर निगम : हाई कोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के अपर बाजार स्थित कमर्शियल भवनों के बेसमेंट में दुकान चलाने, अपर बाजार की संकरी गली में जाम छुटकारा पाने और दुकानों में फायर फाइटिंग की व्यवस्था करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि रांची स्थित अपर बाजार मार्केट एरिया में 15 दिनों के भीतर शॉपकीपर ओनर फायर फाइटिंग की व्यवस्था करें। अपर बाजार में अतिक्रमण हटाने को लेकर रांची नगर निगम लीगल तरीके से नोटिस जारी करते हुए कानूनी प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण हटाए। साथ ही नगर निगम अपर बाजार में टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर के लिए पार्किंग जोन बनाए। हाई कोर्ट ने आदेश में कहा कि अपर बाजार एरिया में बड़े वाहनों ट्रैक्टर, ट्रक आदि को घुसने नहीं दिया जाए। बड़े वाहनों को अपर बाजार से दूर रखा जाए, जिससे अपर बाजार जाम मुक्त रहे। इसके अलावा अपर बाजार में फायर फाइटिंग व्यवस्था पर अग्निशमन विभाग समय-समय पर निगरानी करता रहे। कोर्ट ने इन दिशा-निर्देशों के साथ याचिका को निष्पादित कर दिया। हाई कोर्ट में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार, राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार, रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शहदेव, झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अधिवक्ता खुशबू कटारूका ने पक्ष रखे।



## बिशप फेलिक्स टोप्पो स्व. लुईस खेस के अन्तिम संस्कार में शामिल हुए



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रोविंस येसु समाज रॉची के प्रोविंशियल फादर अजीत खेस के पिता लुईस खेस 97 वर्ष की निधन हो गया। प्रखंड़ के ईड़री गांव में गुरुवार को पवित्र यूखरिस्त कब्रस्तान में विधि विधान से दफन किया गया। पवित्र यूखरिस्त की अगुवाई आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो के द्वारा संपन्न कराई गई। साथ ही बिशप थिओडोर फादर अजीत खेस प्रोविंशियल रांची प्रोविंस अन्य प्रोविंशियल्स, युशू सामाजि विभिन्न संस्थाओ के कई फादरगण, धर्मबहनें, परिवार ,रिश्तेदार और गांववाले उपस्थित थे। स्व. लुईस खेर बहुत ही अच्छे समाजिक स्वभाव वाले व्यक्ति थे। वही गांव के लोग उनसे हमेशा उनके सुझाव के लिए उनके पास जाया करते थे। गांव व समाज के उत्थान के लिए हमेश तत्पर रहते थे। स्व लुईस खेस के एक बेटा फादर अजीत खेस के अलावा एक बेटी पुष्पा खेस है जो संत अन्ना धर्मसमाज में सिस्टर है।

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**:रिटायरमेंट कॉलोनी मुरी में भी 77वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें कॉलोनी के बड़े बुजुर्ग समेत महिलाएं एवं बच्चे भी हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। झंडोत्तोलन कमेटी के सचिव रतन लाल गुप्ता ने किया। महिलाओं ने राष्ट्रगान गया एवं सभी ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारे लगाए। तत्पश्चात श्री गुप्ता ने वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री के आवाहन पर हर घर झंडा को लेकर कॉलोनी के हर घर में तिरंगा लहराता दिखा। झंडोत्तोलन कार्यक्रम को सफल बनाने में शांतनु, रूपेश दास, अमृतलाल, बबलू सेन, बाबई बानी, पूजा तापोषी ,केया, मानू दी, आदि ने बढ चढ कर हाथ बटाया।



## सड़क दुर्घटना में एक की मौत व एक घायल

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: चान्हो थाना क्षेत्र के ह॥ 75 पांडरी के समीप गुरुवार की अहले सुबह हुए भीषण सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई बताया जा रहा है कि एक भैंस लदा हुआ पिकअप वैन डाल्टेनगंज की और से आ रहा था तभी उक्त स्थान पर सब्जी लेकर रॉंची की और से जा रहा टाटा मैजिक में भिड़ंत हो गई जिससे ये दुर्घटना घटा। सूचना मिलने के बाद चान्हो पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और इस घटना में घायल एक व्यक्ति को चान्हो स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया।

## सम्मान निधि व बचत पत्र खाते का वितरण

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: गुरुवार को मांडर पंचायत सचिवालय भवन में डाक विभाग के कर्मचारियों ने पंचायत के महिलाओं के बीच महिला सम्मान निधि एवं बचत पत्र खाते का वितरण किया गया। वहीं उपस्थित जीडीएस कर्मचारियों को महिलाओ के बिच जागरूकता फैलाने एंव अन्य बचत खातों के प्रचार प्रसार हेतु दिशा निर्देश सहायक डाक अधीक्षक केंद्रीय अनुमंडल रांची अजय कुमार के द्वारा दिया गया। मौक़े पर रांची जीपीओ से कुमार सागर, पर्यवेक्षक बिष्णु गोप, ऋषि कांत मिश्रा समेत ओर भी लोग मौजूद रहे।

## वज्रपात की चपेट में आने से किशोरी की मौत

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमडीह जेगो मोड़ के पास जगोड़ीह खेत में ठनका गिरने से 16 वर्षीय सोमरिका कुमारी की मौत हो गयी। जबकि अन्य पांच महिला घायल हो गए। घटना दिन के ढ़ाई बजे की है। बताया जाता है कि सोम रिका कुमारी अपनी दीदी एवं मोहल्ला के अन्य महिलाओं के साथ धान रोपनी करने गयी थी। सभी एक खेत में धान रोपनी का काम कर रही थी। जोरदार बारिश के साथ ठनका गिरा जिससे इसकी चपेट में आने से सोमारिका कुमारी,स्वेता कुमारी, आंचल कुमारी, प्रमिला कुमारी, सीता कुमारी, अंजली देवी सभी घायल हो गयी। घायलों का इलाज अपने स्तर से करने लगे। मगर सोमरिका की स्थिति अच्छी नहीं देखते हुए इलाज के लिए तमाड़ अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तमाड़ पुलिस शव को अपने कब्जे में कर थाना ले आई। शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेजा जाएगा।

## वर्ल्ड ऑफ टेकनोलॉजी का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: टेकनो मोबाइल - एक वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड - ने 11 अगस्त से 13 अगस्त 2023 को अपनी पहली वार्षिक घटना वर्ल्ड ऑफ टेकनोलॉजी का आयोजन किया, जो 16 अगस्त 2023 को दिल्ली के डीएलएफ अवेन्यू में हुआ, जहां पर उसने पोवा 5 सीरीज़ और मेगाबुक लैपटॉप का अनावरण किया। टेकनो द्वारा भारत में पहली बार आयोजित टेक्नोलॉजी इवेंट ने उसके विभिन्न उत्पाद लाइन और संबंधित एआईओटी श्रेणियों में उसके भविष्यवाणीक उत्पादों की विविध रेंज प्रस्तुत की। इस ब्रांड ने आने वाले त्योहारी मौसम के दौरान प्रमुख राज्यों के सभी टियर 1 और 2 शहरों में इस अविस्मरणीय आयोजन को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। टेकनो ने भारतीय उपभोक्ताओं की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित समाधान प्रदान करने वाले एक नवाचारी प्रौद्योगिकी-नेतृत्व ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित करने का लक्ष्य रखा है।

## स्कूली बच्चों के बीच खेल सामग्री वितरित

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल की अर्पिता महिला मंडल के निर्देश पर अपराजिता महिला मंडल मगध संघमित्रा के द्वारा टंडवा के सराढु पंचायत के उपकानी मध्य विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर स्कूली बच्चों के बीच लंच बॉक्स और खेल सामग्री का वितरण किया गया। अपराजिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती विभा नाथ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला मंडल की सभी सदस्य शामिल हुई।इस अवसर पर स्कूल के कुल 50 विद्यार्थियों को लंच बॉक्स वितरित किया गया।इसके साथ ही कैरम बोर्ड, फुटबॉल,वॉलीबॉल,नेट जैसी खेल सामग्री स्कूल को दी गई।इस अवसर पर ममता,सदाला सत्यनारायण, हसबुन निशा,अंजू कुमारी, श्वेता प्रियदर्शी,दीप्ति चर्टराज सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद थे।

## आधुनिक रेंज वाली महिंद्रा ओजेए लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:महिंद्रा समूह की सहायक कंपनी और वॉल्यूम के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित एक इवेंट, फ्यूचर्सस्केप में आधिकारिक तौर पर अपने बहुप्रतीक्षित ट्रैक्टरों की आधुनिक रेंज महिंद्रा ओजेए लॉन्च की है। यह शब्द संस्कृत के ओजस शब्द से बना है, जिसका अर्थ है ऊर्जा का पावरहाउस, ओजेए महिंद्रा का सबसे महत्वाकांक्षी वैश्विक लाइटवेट ट्रैक्टर प्लेटफॉर्महै। महिंद्रा रिसर्च वैली, भारत, आरएंडडी सेंटर फॉर महिंद्रा एएफएस और मित्सुबिशी महिंद्रा एग्रीकल्चर मशीनरी, जापान की इंजीनियरिंग टीमों के सहयोग से और 1200 करोड़ रु. के निवेश से विकसित, नई ओजेए रेंज ने लाइट वेट 4डब्ल्यूडी ट्रैक्टर डिजाइन और इंजीनियरिंग के मामले में बेजोड़ है जो ट्रैक्टर टेक्नोलॉजी में उत्कृष्ट नवाचार को दर्शाता है।

## मूसलाधार बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरूवार को हुई बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया है।बारिश के कारण क्षेत्र के सभी सड़कों में जल जमाव देखा जा रहा है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार कोयलांचल क्षेत्र के इलाको में भीषण गर्मी से लोग परेशान थे,इसी बीच बुधवार को तेज गर्जन के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली।वही बारिश के कारण क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा।बाजारों की रौनक फीकी रही।स्कूल आने जाने वाले बच्चे बारिश में भीगते नजर आए।बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है,जिससे मौसम काफी खुशनुमा हो गया है।

# मानवअधिकार ऑर्गेनाइजेशन एंड एंटी करप्शन ऑफ इंडिया की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम** : मानवअधिकार ऑर्गेनाइजेशन एंड एंटी करप्शन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष सोहेल अनवर की अध्यक्षता में बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने मूल रूप से मानवाधिकार संगठन कैसे काम करता है, इसकी जानकारी दी। कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक राज्य के ग्रामीण व शहरी इलाकों में लोगों को जागरूक करना एवं मानवाधिकार क्या है, यह लोगों को बताना है। यह संगठन किस प्रकार काम करता है एवं आम जनता इस संगठन से किस प्रकार लाभ एवं सहयोग ले सकते हैं। संगठन का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को न्याय दिलाना है।राष्ट्रीय मानवअधिकार ऑर्गेनाइजेशन एंड एंटी करप्शन ऑफ इंडिया का बैठक गुरुवार को राजधानी रांची के धुर्वा अंतर्गत रिंग रोड बाला लॉन्ग टूक - टूक रेस्टुरेंट में सम्पन हुई। जिसमें मुख्य संरक्षक शाहिद जैदी,राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अहमद, राष्ट्रीय महासचिव कुदरत शेख, प्रदेश अध्यक्ष सोहैल अनवर, कानूनी सलाहकार एडवोकेट श्री रूपेश कुमार जी ने केंद्रीय और जिला से आए लोगों से मानव अधिकार क्या हैं और क्या कार्य करती है और हमारा मकसद क्या है इसको लेकर जानकारी दिए। महिला उत्पीड़न,दहेज हत्या। श्रमिक शोषण,बाल श्रम सांप्रदायिक हिंसा,मानव तस्करी। कैदियों का उत्पीड़न,गैर कानूनी कार्य, पुलिस का कार्य में विफलता, भुखमरी,पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करना, ठेकेदारी में बेईमानी, महिलाएं के सात बलात्कार, बिना सूचना दिए मजदूर को नौकरी से निकाल देना। घूसखोरी।फर्जी मुठभेड़। मजदूरी कराकर मजदूर को मजदूरी न देना।

साथ ही समाज में इस तरह का घटना घटती है तो तुरन्त हमारा संगठन मानवाधिकार के अधिकारी को जानकारी दे। मानव अधिकार के आला अधिकारियों ने उक्त बातें कही।

## ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट ने पिपरवार के बहेरा में चलाया सर्वे अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्यो ने पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के सिदालु गांव मे सर्वे अभियान चलाया।ट्रस्ट के शिव शंकर गंझु के नेतृत्व मे ट्रस्ट के सदस्यों ने गांव का भ्रमण कर गांव की मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली।इस दौरान गांव के वृद्ध बीमार और लाचार लोगों की सूची बनाई गई।वही गांव के बेरोजगार युवाओं का भी सूची तैयार किया गया।इस संबंध में ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्य गांव-गांव घूमकर गांव के बीमार लोगो की सूची बनाई जा रही है,जिसके बाद बीमार लोगों के इलाज के लिए ट्रस्ट के द्वारा सहयोग किया जाएगा।इसके अलावा गांव के बेरोजगार युवाओं की भी सूची बनाकर उन्हें क्षेत्र में संचालित कंपनियों में रोजगार दिलाने में मदद करने का काम करेगा।वही गांव में अन्य मूलभूत समस्याओं की भी जानकारी ली जा रही है, जिसे ट्रस्ट के द्वारा समस्याओं का समाधान करने का काम किया जाएगा।ट्रस्ट के सदस्यों ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाकों का दौरा कर ट्रस्ट के द्वारा सहयोग का काम किया जाएगा।अभियान के दौरान करीब 20 से अधिक बीमार व्यक्तियों की पहचान हुई जिनके इलाज में ट्रस्ट ने सहयोग करने का भरोसा दिया।मौके पर जाहिद अली, विश्राम टाना भगत, अजीत, देवेंद्र, दिनेश,गोपाल, विनोद, नीरज,सोनू गुप्ता सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य शामिल थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा एफएमडी टीकाकरण के कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी** : एफएमडी टीकाकरन कार्यक्रम का तीसरा चक्र की शुरुवात 16 अगस्त से 15 अक्टूबर 2023 तक चलाया जाएगा । कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता एव टीकाकर्मी को इटकी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के गांवो में एफएमडी टीकाकरण कार्य के लिए भेजा गया।टीकाकरण कर्मी के रूप में संजय कुमार इटकी पूर्वी पश्चिमी,विजय कुमार किल्ली,सोहन कच्छप कुर्गी,राजू गोप चिनरो पुरियो , नौसाद अंसारी कुंदी, इरसाद अंसारी मल्टी,प्रकाश कुमार बोडिया ,सागर गोप कुल्ली भंडारा के चयन किया गया है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से पशुपालकों को टिकाकरण कार्य में सहयोग कर सभी गाय, भैंस, को एफएमडी का टीकाकरण कार्यक्रम सफल कराने को आग्रह किया है ।एफएमडी एक संक्रमण बिमारी है इससे पशुओं को दूध की कमी के साथ बांझपन भी होता है जिससे पशुपालकों को आर्थिक हानि होती है।

## ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने चान्हो व मांडर का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो** : ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी ने चान्हो और मांडर दौरा किया। इस दौरान चान्हो प्रखंड इस्थित बलसोकरा मदरसा दारुल उलूम क़समिया में उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में देश में हालात ठीक नहीं है भाजपा के द्वारा राजनीतिक फायदे के लिए लोगों को तोड़ने की कोशिश की जा रही मग़र प्रदेश के लोग जागरूक हो गए हैं आने वाले समय मे लोगों को एक होना होगा और नफरत की राजनीतिक को समाप्त करना होगा। उन्होंने झारखंड सरकार के द्वारा कराए जाने वाली कई कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी उर्दू शिक्षकों की बहाली अधर में लटका हुआ है इस सरकार से कराना हम लोगों की जिम्मेदारी है। इस मौके पर मौलाना नूर हसन मौलाना अब्दुल कयूम इमामुद्दीन अंसारी हाजी निजामुद्दीन असदुल्लाह अंसारी मुफ़्ती वसी रहमतुल्लाह अंसारी अफ़ज़ालूर रहमान मुफ़्ती उज़ैर के कई लोग उपस्थित थे।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी** : ओरमांझी प्रखंड में समेकित बाल विकास योजना, यूनिसेफ एवं विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का शाला पूर्व शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ओरमांझी प्रखंड के 25 आंगनवाड़ी केंद्रों की सहायिकाओं तथा सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य, उन्हें शाला पूर्व शिक्षा के महत्व को बताना था, ताकि सेविका और सहायिका साथ मिलकर नन्हे कदम पाठ्यक्रम की गतिविधियों का संचालन कर सके। और विभिन्न प्रकार के घरेलु सामग्रियों के माध्यम से बच्चों को गतिविधियों में कैसे शामिल किया जाए। उसके बारे में अभिभावकों को जानकारी दे पाएं। जिससे बच्चों का समय अनुसार पूर्ण विकास जैसे भाषायिक विकास, मानसिक विकास, शारीरिक विकास, रचनात्मक विकास तथा सामाजिक व भावनात्मक विकास हो। इस दौरान विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के प्रशिक्षकों अदीब बशर और शोबन सरकार, रितु कुमारी, पंकज कुमार, सुशीला कुमारी द्वारा बच्चों के सभी विकासात्मक क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों के लिए छोटे छोटे समूहों में शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) का निर्माण करवाते हुए उसका प्रदर्शन भी करके दिखाया गया। प्रशिक्षण के दूसरी दिन श्रीमती अनीमा सीडीपीओ,ओरमांझी द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर प्रतिभागियों से बातचीत किया गया। प्रतिभागियों द्वारा उन्हें बताया गया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर पहली बार किसी संस्था के द्वारा इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वह सभी काफी संतुष्ट हैं और अपने अपने केंद्रों पर जाकर इसे लागू करने के लिए सक्षम और तैयार हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची**
**E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूक्का अवस्थित New WTP अन्तर्गत Hatia Pipe Line में (Kamal Medical Shop, Samford hospital के पास) लिकेज मरम्मति कार्य कराना अतिआवश्यक है। उक्त कार्य कराने हेतु **दिनांक 20.08.2023** को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक Hatia Pipe Line बन्द रहेगी। पेयजलापूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

ह0/–
(ई0 चन्द्रशेखर)
कार्यपालक अभियंता,
PR 304858 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।

**कार्यालय , वन प्रमंडल पदाधिकारी,**
**हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक **05.09.2023 को 11:30** बजे पूर्वाह्न् तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन **12:30 बजे अपराह्न्** में खोली जायेगी।

निलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त दो दिनों के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की निविदा द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। निविदा द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्त्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

**वाहनों की सूची**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ ईजन संख्या | वन वाद सं0 | राज्यसात सं0 | वाहन जहॉ रखा है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पिकअप भान – JH-01U-4675 | 388/2011 | 35/2011 | सदर प्रक्षेत्र परिसर |
| 2 | टाटा 207 डी0आई चेसिस संख्या– 374463351907682 | 124/2012 | 05/2012 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |
| 3 | इंडिका कार संख्या– MH-06G-6805 | 18/2007 | 05/2007 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |
| 4 | षक्तिमान ट्रैक्टर ट्रेलर सहित ई0 संख्या– HT 20817 AIW Ch. No. 007201300 | 36/2010 | 04/2010 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |
| 5 | अनिबंधित महिन्द्रा ट्रैक्टर 350 ट्रेलर सहित | 108/2010 | 14/2010 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 6 | स्कॉट ट्रैक्टर ट्रेलर सहित ईजन संख्या T77010010 चेसिस संख्या – 215E3001283 | 145/2012 | 06/2012 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |
| 7 | टाटा 407 निबंधन संख्या– JH-12C-7629 | 266/2013 | 48/2013 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 8 | महिन्द्रा मैक्सी निबंधन संख्या– JH-02S-9920 | 425/2013 | 58/2013 | चौपारण प्रक्षेत्र परिसर |
| 9 | टाटा 407 निबंधन संख्या– JH-02W-4666 | 603/2012 | 01/2013 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |
| 10 | हिरो हौण्डा सी0डी0 डीलक्स अनिबंधित | 12/2016 | 06/2016 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 11 | हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल संख्या– BR-14D-6764 | 554/2015 | 03/2016 | बड़कागांव प्रक्षेत्र परिसर |
| 12 | न्यू हॉलैण्ड ट्रैक्टर ट्रेलर सहित ई0 संख्या– PAC 8282269 चेसिस संख्या– 27K-09V 62755 | 227/2015 | 17/2015 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |
| 13 | बजाज मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02E-0942 | 521/2013 | 66/2013 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 14 | टाटा 207 निबंधन संख्या– JH-02G- 3347 | 532/2014 | 01/2015 | बरही प्रक्षेत्र परिसर |
| 15 | ट्रैक्टर संख्या– JH-12C-9867 ट्रेलर सहित | 147/2012 | 10/2012 | बड़कागांव थाना परिसर |
| 16 | ट्रैक्टर ट्रेलर सहित बिना नम्बर का | 450/2017 | 54/2017 | प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल
PR 304846 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ0एफ0पी0 भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **38/2023-24** दिनांक :- 16.08.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SIM-01/2023-24 | बानो | 1 | केवगुटू से कोधीपाट पथ का विशेष मरम्मति कार्य। लं० – 1.555 कि०मी०) | 1445.435 | चौदह करोड़ पैतालीस लाख तैतालीस हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बानो | 2 | पारो रामजल पथ से कवालबेरा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 3 | L037 टेम्बरा से मरानी पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 6.300 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 4 | L043 पी०डब्लू०डी० रोड़ से नावागॉंव भाया चाटुओरा कुसुम पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.477 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 5 | L039 बिन्तुका से टुडियो पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | बानो | 6 | L040 जराकेल से बडोमदा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 18.200 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-SIM-02/2023-24 | ठेठईटांगर | 1 | L058 कोनपाला पथ से लुरकुटोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.700 कि०मी०) | 1141.080 | ग्यारह करोड़ एकतालीस लाख आठ हजार रू० मात्र | 09 महीना |
| | | ठेठईटांगर | 2 | L051 ठेठईटांगर बोल्बा पथ से जिलिंग केरापानी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.590 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 3 | पंडरीपानी जलडेगा से बनमाली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 4 | एन०एच० जोराम से काहुपानी पाहन टोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.570 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 5 | पंडरीपानी जलडेगा से पंडरीपानी पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.970 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 6 | L035 एन०एच०–23 से घाटतरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.500 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 7 | L036 एन०एच०–23 से कुरपानी भाया कुर्दपानी पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.775 कि०मी०) | | | |
| | | ठेठईटांगर | 8 | L024 पंडरीपानी जलडेगा से गंदाटोली पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.748 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**24.08.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **01.09.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **सिमडेगा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **04.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**04.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**05.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **सिमडेगा** के पक्ष में एवं **सिमडेगा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची
PR 304815 Rural Work Department(23-24)#D

## आकाशीय बिजली से एक किसान घायल, टीएमएच में भर्ती

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के किष्टोपुर में अपने खेत पर काम कर मवेशियों को चराने के क्रम में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से करीब 55 वर्षीय किसान राम पद महतो गंभीर रूप से घायल हो गया है। परिजनों ने तत्काल उसे बेहतर इलाज हेतु टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल है। मिली जानकारी के अनुसार राम पद महतो अपने खेत में हल जोतकर मवेशियों को चरा रहे थे,तभी अचानक गर्जन के साथ बारिश हुई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश होकर गिर गया। सुचना मिलते ही परिजनों ने उसे तत्काल जमशेदपुर के टीएमएच में भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## कुचाई के बीआरसी में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर 19 को

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत कुचाई के प्रखंड संसाधन केंद्र में आगामी 19 अगस्त दिन शनिवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर एवं आवश्यक उपकरण वितरण का आयोजन रखा गया है। जिसमें 3 वर्ष से 18 वर्ष के उम्र के दिव्यांग बच्चों का जांच किया जायेगा। मौके पर बीईओ संजय कुमार जोशी व फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार ने प्रखंड के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक को? जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड के सभी विद्यालय के नामांकित दिव्यांग बच्चों को लाना अति आवश्यक है। इस शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांग बच्चों को दो? पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग बच्चों व माता-पिता का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, ग्राम प्रधान मुखिया से प्रमाण पत्र प्राप्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र आदि जैसे दस्तावेज के साथ शिविर में शामिल होना है।

## टोयोटा ने एमपीवी श्रृंखला की ऑल न्यू टोयोटा रुमियन लॉन्च की

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर




(टीकेएम) ने अपनी नवीनतम पेशकश, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक नई कॉम्पैक्ट एमपीवी है जो स्टाइलिश और प्रीमियम नई पारिवारिक कार है और स्थान के मामले में बेजोड़ है तथा उत्कृष्ट ईंधन दक्षता का दावा करती है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन आराम, सुविधा, विश्वसनीयता और मन की शांति चाहने वाले परिवारों के लिए एक प्रतिष्ठा और सुविधाजनक विकल्प प्रस्तुत करता है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन के केंद्र में नियो ड्राइव (आईएसजी) तकनीक और ई-सीएनजी तकनीक के साथ शक्तिशाली के सीरीज का 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन है जो प्रतिक्रियाशील होने के साथ-साथ ड्राइविंग में आनंद लाने का वादा करता है।

## रुपे क्रेडिट कार्ड के ज़रिये यूपीआई ट्रांजैक्शन की सुविधा चालू

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने आज रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी एसबीआई क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ने की घोषणा की है। एसबीआई क्रेडिट कार्ड के ग्राहक विगत 10 अगस्त, 2023 से रुपे प्लेटफॉर्म पर जारी अपने क्रेडिट कार्ड के ज़रिये यूपीआई ट्रांजैक्शन कर पा रहे हैं। ग्राहक अपने क्रेडिट कार्ड को तीसरे पक्ष के जरिए यूपीआई ऐप्स के साथ पंजीकृत करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इससे रुपे प्लेटफॉर्म पर एसबीआई कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए अवसर और बढ़ जाएंगे, साथ ही उन्हें यूपीआई के ज़रिये बेहतर, सुविधाजनक और बिना किसी परेशानी के भुगतान की सुविधा का अनुभव प्राप्त होगा। इस संबंध में रामा मोहन राव अमारा, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड ने कहा कि इस सुविधा की शुरुआत के साथ, अब एसबीआई कार्ड के ग्राहक एसबीआई कार्ड द्वारा जारी अपने रुपे क्रेडिट कार्ड का उपयोग यूपीआई प्लेटफॉर्म पर कर पाएंगे।

## युवाओं को फिट बनाने में अग्रणी रेडफायर फिटनेस जिम



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई स्थित रेडफायर फिटनेस जिम शहर के युवाओं को फिट बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है । यह विशेष फिटनेस सेंटर एम इ स्कूल रोड पर स्थित है और यहाँ पर पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। जिम के संस्थापक प्रीति कश्यप और नवीन सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर के लोगों को स्वस्थ और पूरी तरह से सकुशल बनाना है। हमने इस जिम में विशेष ध्यान दिया है कि युवाओं को सबसे बेहतर व्यायाम और स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलें। इनमें तमाम आधुनिक मशीनें है। जॉगर, साइकिल, राइडर, स्पिनर, एबडॉमिनल बेन्च, चेस्ट बेन्च, लेग एक्सटेंशन, शोल्डर प्रेस, डम्बल, वॉकर, रोअर, स्ट्रैच, फ्री वेट, ट्रेडमिल्स, एलिप्टिकल्स आदि मशीनें हैं। जिम में पर सुबह और शाम युवाओं की भीड़ जुटती है।जिम संचालक ने कहा कि लोगों में जिम ज्वाइन करने का खासा क्रेज है। इनमें बुद्धिजीवी वर्ग भी काफी आगे है। युवाओं को वेट लिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग, कार्डियो, रनिंग, जागिंग आदि मशीनों की सुविधा उपलब्ध है।

## सरायकेला उपायुक्त अचानक पहुंचे कुकड़ु ब्लॉक, योजनाओं की कार्य प्रगति की ली जानकारी

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को सरायकेला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कुकड़ु प्रखण्ड का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सभागार में बैठक कर प्रखण्ड में चल रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी लिया। और सभी प्रकार के कार्यों में प्रगति लाने एवं ब्लॉक को सुधार करते हुए जिला को सर्वोच्च जिला का दर्जा देने का प्रयास पर चर्चा किया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का जायजा लिया जा रहा है। बैठक उपरांत क्षेत्र भ्रमण के दौरान जमकर हुई बारिश में उन्होंने कुकड़ु ग्राम होते हुए कार्यस्थल आदि का क्षेत्र भ्रमण किया।

# चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मी पहुंचा, खोला गया 2 रेडियल गेट, जमशेदपुर में बढ़ा खतरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चांडिल बांध बहुउद्देशीय परियोजना से बने चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने लगा है। जलस्तर बढ़ता देख बहुउद्देशीय परियोजना डैम डिविजन 2 के प्रशासन ने डैम का दो रेडियल गेट 30 सेंटी मीटर और 20 सेंटी मीटर करके खोल दिया है । जिसे कोल्हान के पूर्वी सिंहभूम जिले के साथ पश्चिम



बंगाल को खतरा हो गया है। वर्तमान में चांडिल डैम का जलस्तर 181.20 मीटर दर्ज किया गया है। बरसात के मौसम में अचानक जलस्तर बढ़ न जाए इसके लिए चांडिल डैम का जलस्तर कम किया जा रहा है. इसके पूर्व रविवार को डैम का जलस्तर 180.65 मीटर दर्ज किए जाने के बाद गेट संख्या 11 को 30 सेंटीमीटर तक खोल दिया गया था। परियोजना के प्रशासन की ओर से बताया गया कि सुरक्षा के लिए ऐहतियात के तौर पर एक रेडियल गेट को खोला गया है।

## वेदव्यास निषाद चेतना समिति ने किया झंडोत्तोलन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वेदव्यास निषाद चेतना समिति के द्वारा कपाली बस्ती में झंडोत्तोलन कार्यक्रम किया गया। जिसमे मुख्यअतिथि सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा एवं अतिथि भाजपा सोनारी मंडल के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। वहीं अतिथि के रूप में भाजपा सोनारी मंडल के उपाध्यक्ष संजय कुमार रजक शामिल हुए। प्रशांत पोद्दार ने निषाद समाज को अपना सहयोग देंगे जैसे आधार कार्ड बनाना विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन राशन कार्ड जाति का सर्टिफिकेट और मूलभूत सुविधाएं मैं सहयोग करने की बात कही।

## शहर में डेंगू संक्रमित डाटा चिंताजनक जिला प्रशासन गंभीरता से ले : बब्लू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शहर में डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ रहा है परंतु आज के स्थानीय मीडिया में डेंगू संक्रमित 10 का डाटा दिया गया था, जो बहुत ही चिंताजनक है। जमशेदपुर के डॉक्टर्स एवं चिकित्सा केंद्रो में लंबी लंबी कतारें डेंगू बीमारी को लेकर लगी हुई है। परिजन काफी परेशान है। चुकी शहर का बदलता मौसम के कारण एवं जमा हुआ पानी की वजह से डेंगू मच्छर पनप रहे है। इसको लेकर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा ने जिला उपायुक्त को ट्वीट के



माध्यम से अवगत कराया है। बब्लू झा ने जिला के उपायुक्त और स्वास्थ आपदा मंत्री बन्ना गुप्ता से आग्रह किया कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जमशेदपुर के बारीडीह बस्ती, बिरसानगर, मानगो, जुगसलाई ,कदमा सोनारी, साकची एवम अन्य बस्तियों इलाको में नालियों की साफ सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव एवम कचड़ा का उठाओ निरंतर करवाने की व्यवस्था हो ताकि आम जन इस बीमारी से राहत की सांस ले।

# शिक्षक संघ ने विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति के लिए अंतिम वरीयता सूची प्रकाशन की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता, जिलाध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह तथा महासचिव सुदामा माझी ने जिला शिक्षा स्थापना समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त तथा सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न विभागीय पत्र तथा न्याय निर्देश के अनुपालन में समयबद्ध प्रोन्नति सुनिश्चित करने की मांग किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष दत्ता ने बताया कि प्रोन्नति हेतु निर्गत हालिया आदेश में विभिन्न वर्षों में लोक सेवा आयोग



के माध्यम से नियुक्त शिक्षकों को उनके मेघा क्रम के अनुसार सभी ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु निर्देशित की गई है। चुंकि विगत 15- 20 वर्षो से प्रोन्नति का कार्य लंबित है। इसलिए विभागीय पत्र संख्या 619 के द्वारा पद उपलब्धता की तिथि से भूतलक्षी प्रभाव से वैचारिक प्रोन्नति सुनिश्चित करने हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वय से मांग की गई। जिलाध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह ने विभागीय आदेश के अनुपालन में कॉमर्स स्नातक शिक्षकों को सभी ग्रेडों में प्रोन्नति के साथ-साथ जून 2022 में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत संकल्प के तहत् आरक्षण रोस्टर का अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग रखी है। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता, जिला अध्यक्ष मानिक प्रसाद सिंह, महासचिव सुदामा मांझी, देवेंद्र नाथ साहू, मनोज कुमार सिंह, संजय साहू आदि संघीय पदाधिकारी शामिल थे।

## महुलडीह विस्थापित समिति के शिविर में 300 ग्रामीणों की स्वास्थ्य सह नेत्र जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** महुलडीह विस्थापित सह प्रभावित विकास समिति की ओर से प्रखंड के डूडरा स्थित सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में करीब तीन सौ ग्रामीणों की स्वास्थ्य और नेत्र जांच कर उन्हें उचित सलाह दी गई। शिविर का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि मंत्री चंपाई सोरेन की अनुपस्थित में उनके पुत्र बबलू सोरेन ने किया। इस मौके पर मुख्य रुप से यूसीआईएल के पर्सनल मैनेजर गिरीश कुमार गुप्ता, समिति के अध्यक्ष मानिक गोप, सचिव हरेंद्र कुंभकार (मिथुन), आकाश दास, उमा महतो, बनमली नायक, प्रदीप गोराई, मंटू प्रमाणिक, उत्तम गोराई, कृष्णा सोरेन, प्रह्लाद नायक, नकुल नायक समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्षेत्र में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप, पंचायत भवन की शोभा बढ़ा रही फॉगिंग मशीन : अंकित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के विभिन्न पंचायत क्षेत्र इन दिनों डेंगू एवं अन्य मच्छर जनित बीमारियों के प्रकोप से जूझ रहे हैं। जिला परिषद क्षेत्र संख्या 05 के कुछ क्षेत्र डेंगू के हॉट स्पॉट जोन के रूप में चिंहित भी हुए हैं। इसी क्षेत्र से सटे पश्चिम घोड़ाबंधा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की लापरवाही और संवेदनहीनता का एक मामला सामने आया है। जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता अंकित आनंद ने इस बाबत ट्विटर पर एक वीडियो शेयर करते हुए पंचायत की मुखिया एवं अन्य पर जनहित के मामलों पर लापरवाही एवं शिथिलता बरतने का आरोप लगाया है। शेयर किये गये वीडियो में दिखाया गया है की पश्चिम घोड़ाबंधा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में फॉगिंग मशीन डब्बे में पैक कर के रखा हुआ है। दावा है की यह मशीन ग्राम पंचायत के पिछले कार्यकाल में तत्कालीन मुखिया विजय हाँसदा के कार्यकाल में



पंचायत फंड से खरीदी गई थी ताकि ग्रामीणों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाया जा सके। अंकित आनंद ने अपने ट्वीट के मार्फ़त इस मामले को जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री सहित डीडीसी मनीष कुमार एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार के संज्ञान में लाया है। माँग किया है की इस मामले में प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय होनी चाहिये। अंकित आनंद ने उम्मीद जताया है की जिला प्रशासन इस मामले में उचित संज्ञान लेकर पहल करेगी।

## योगासन स्पोर्ट्स एसो. का तृतीय योगासन प्रतियोगिता 19-20 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं योगासन भारत की ओर से 19 एवं 20 अगस्त, 2023 को पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन प्रतियोगिता का आयोजन धातकीडीह कम्युनिटी सेंटर में किया जाएगा. प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक काशीडीह दुर्गा मंदिर में हुई, आयोजन से संबंधित कई निर्णय लिए गए. उक्त प्रतियोगिता कार्यक्रम की सूचना जिला खेल पदाधिकारी को भी दी गई. अकादमी के संस्थापक, निदेशक एवं पूर्वी सिंहभूम जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक अंशु सरकार ने बताया कि 20 अगस्त, 2023 को साकची रविन्द्र भवन में आयोजित होनेवाले ग्रैंड सिल्वर जुबिली समारोह में योगासन प्रति. के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया



जाएगा. बैठक में अंशु सरकार के अलावा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, उपाध्यक्ष रविशंकर नेवार, जिला सचिव मलय कुमार डे, कोषाध्यक्ष ललिता शर्मा, कार्यक्रम आयोजन प्रमुख प्रज्ञा पारोमिता, लक्ष्मी साहू, अजय वर्मा, शुभम कुमार, गौरी कर, विनीता, इराक्षी श्यामल, सुषमा वर्मा, शर्मिष्ठा रॉय, शिखा शर्मा, रानी सिंह, प्रेमलता, शम्पा डे, किरण झा आदि सदस्य उपस्थित रहे.

## बारीडीह स्टूडेंट क्लब दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बारीडीह स्टूडेंट क्लब पोस्ट ऑफिस मैदान में आयोजित दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन संपन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से जन्मेजय पांडे को अध्यक्ष,अश्वनी शर्मा एवं रामानंद को उपाध्यक्ष, अमित सिंह एवं दीपक मिश्रा को डिप्टी प्रेसिडेंट, बिमल कांत ओझा को जनरल सेक्रेटरी, सुमित राजहंस एवं आशीष झा को कोषाध्यक्ष, धर्मवीर सिंह एवं आर के सिंह को सहकोषाध्यक्ष, सुनील गुप्ता एवं बृजमोहन साह को भोग इंचार्ज, अनूप डे एवं सदन नमता को पूजा इंचार्ज बनाया गया। इस मीटिंग में कमिटी के संस्थापक रहे हे रामा शंकर शर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अलोक, जयदेव, राज, चिंटू, गोलू, देवाशीष, हारूदा, विनीत, पियूष, मुकुल, चन्दन, पीजी राव, कन्हैया, अमित, सोहन एवं समिति के अन्य गण्यमान लोग उपस्थित थे।

# कुणाल षाड़ंगी ने की राज्य के मुख्य सचिव से मुलाकात, कई मांगों के आशय में सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले की 7 ज्वलंत व लंबित समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक सह प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से मुलाकात किया। इस क्रम में कुणाल ने कई मामलों पर मुख्य सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया और आग्रह किया की जनहित से जुड़े इन सात मुद्दों पर विभागीय कार्यवाही की जाये। चाकुलिया प्रखंड के बिहारीपुर से बराघाट तक की सड़क, व बहरागोडा प्रखंड के जयपुरा से फुलसंदरी बड़तल तक सड़क निर्माण, रघुनाथपुर से जामशोला तक की सड़क मरम्मत के काम का टेंडर प्रक्रिया पूरी करने में विभाग द्वारा बेवजह देरी की जा रही



है।बड़ामारा चाकुलिया रेलवे लाईन के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार शीघ्र लैंड व फ़ॉरेस्ट का क्लीयरेंस रेलवे को सौंपे। उड़ीसा सरकार पहले ही दे चुकी है। बहरागोड़ा के केवला से कैमी तक की जर्जर सड़क को दुरूस्त करना तथा पथ निर्माण विभाग के माध्यम से मोटेल चौक से पाथरा तक की सड़क की मरम्मती की टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू करवाई जाए । बहरागोड़ा में एनएच 6 के किनारे अवस्थित कृषि विभाग की 25 एकड़ जमीन पर कृषि अनुसंधान केंद्र की स्थापना। वहाँ अवैध कब्जा हो रहा है। जमशेदपुर के गोलमुरी के केबल टाउन में घरेलू उपभोक्ताओं को कमर्शियल कनेक्शन देना और सारे लोगों की सामूहिक बिलिंग होने की समस्या के निदान हेतु जुस्को प्रबंधन को आदेश निर्गत की जाये। जमशेदपुर के बागबेड़ा-घाघीडीह जलापूर्ति योजना का काम ठप्प है। 108 ऐंबुलेंस सेवा के कर्मियों से नई कंपनी जीवीका द्वारा पंजीकरण के लिए ड्राईवर से 15,000/- और इमरजेंसी मेडिकल टेकनीशियन से 10,000/- लिया जा रहा है। पहले से काम कर रहे कर्मियों को इस रकम पर रियायत मिलनी चाहिए। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागीय सचिवों को इन मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। भाजपा नेता कुणाल षाड़ंगी ने कहा की मुख्य सचिव संग वार्ता सकारात्मक रही। सौंपे गये माँगो के संदर्भ में जल्द निर्णायक पहल देखने को मिलेगी।

## 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार मिले डीसी से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज पुर्वी सिंहभूम उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार ने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात किया। 20 सूत्री से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उन्होंने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री सदस्यों का पुलिस सत्यापन नहीं हुआ है, इसपर उपायुक्त ने सम्बन्धित पदाधिकारी को यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री समिति की बैठक भी नियमित आयोजित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर 20 सूत्री सदस्य प्रमोद लाल व अन्य उपस्थित थे।

## बांगुड़दा हाईस्कूल के पूर्व छात्र उज्ज्वल कुमार ने छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित, टॉपर्स हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मैं यहां 33 वर्षो के बाद आया हूं और बहुत कुछ बदला-बदला सा लग रहा है। मैंने 8वीं, 9वीं और 10वीं की पढ़ाई की है और 1990 में मैंट्रिक परीक्षा पास करने के बाद घर-परिवार के लोगों के अलावे दूसरे लोगों ने भी कहा कि अच्छा मार्क्स आया है शिक्षक बन जाओ लेकिन मैंने कहा कुछ ज्यादा करूंगा, बड़ा करूंगा। इसी सोच के साथ आगे की पढ़ाई जारी रखी जिससे अपना लक्ष्य हासिल हुआ। अगर आप भी सोचते हैं कि मुझे कुछ करना है, तो दुनिया की कोई ताकत आपको रोक नहीं सकती और आप उसे हासिल करके रहेंगे। ये बातें बुद्धिजीवी मंच पटमदा की ओर से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पटमदा के प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल बांगुड़दा में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा के उप सचिव सह स्कूल के पूर्व छात्र उज्ज्वल कुमार ने कहीं। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने व लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने



कहा कि वर्तमान समय में सुविधा और संसाधन काफी बढ़े हैं, उन्होंने तो सीमित संसाधनों की बदौलत ही अपना लक्ष्य हासिल किया। वर्तमान युग में मोबाइल एक बेहतर संसाधन है जिससे आप घर बैठे ही दुनिया के बारे में जान सकेंगे, पढ़ सकेंगे और भी लाभ उठा सकेंगे। लेकिन मोबाइल का दुष्परिणाम भी बहुत है, अगर हम उसका दुरुपयोग करते हैं। उज्ज्वल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से जब उनके लक्ष्य के बारे में जानना चाहा तो किसी ने इंडियन आर्मी में जाने की इच्छा जतायी तो किसी ने डॉक्टर, आईएएस, शिक्षक, इंजीनियर व वकील आदि बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन के लिए जब भी उनकी जरूरत पड़े, उनसे संपर्क करें, वे हमेशा मदद के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने शिक्षक की पेशा को समाज का सर्वोच्च स्थान का पद बताया। कार्यक्रम के दौरान 2023 के मैट्रिक व इंटर के टॉपर रहे 16 छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कमलपुर थाना प्रभारी धीरंजन कुमार, अवर निरीक्षक विक्रांत उपाध्याय, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, मंच के निदेशक जितेंद्र नाथ महतो, सचिव कल्याण कुमार गोराई, उपाध्यक्ष मदन मोहन महतो, प्राचार्य सुजीत कुमार सेठ, प्राणकृष्ण कुंभकार, अनंत लाल मिश्र, विवेकानंद दरिपा, जयंत रजक व हिमांशु कुंभकार आदि मौजूद रहे। कायक्रम के अंत में करीब डेढ़ हजार छात्र-छात्राओं के बीच टॉफी का वितरण किया गया।




## संपादकीय

# 'विकसित राष्ट्र' का सपना

**प्रधानमंत्री** मोदी ने लालकिले की प्राचीर से, देश को संबोधित करते हुए, दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्य तय किए और उनकी घोषणा की। एक, आजादी के 100 साल बाद 2047 में भारत 'विकसित राष्ट्र' होगा। दूसरा, आगामी 5 साल में जो फैसले लिए जाएंगे और काम किए जाएंगे, उनका असर 1000 साल तक रहेगा। लक्ष्यों के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने देश की जनता से मदद मांगी और आशीर्वाद चाहा। वोट मांगने की थोड़ी-सी कसर रह गई। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक आह्वान है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे प्रधानमंत्रियों ने लालकिले का इस्तेमाल राजनीतिक मंच के तौर पर नहीं किया। आश्चर्यजनक यह भी रहा, जब प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि 2024 में वह फिर आएंगे और लालकिले से अपनी उपलब्धियां गिनाएंगे। ऐतिहासिक लालकिला और 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस 'राष्ट्रीय पर्व' के प्रतीक हैं। वहां से प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय संबोधन 'राजनीतिक' नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले लक्ष्य की अवधि 24 साल तय की है। क्या इतने समय तक उनसे या उनके उत्तराधिकारी प्रधानमंत्रियों से देश कोई सवाल न करे? दूसरा लक्ष्य वर्ष 3023 का है। क्या तब तक की दुनिया और वैश्विक समीकरणों की कल्पना की जा सकती है? भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का चलन रहा है। उसके बाद प्रधानमंत्री, कैबिनेट और संबंधित विशेषज्ञ समीक्षा करते हैं कि योजनाओं के हासिल क्या रहे? अथवा लक्ष्य पिछड़ गए हैं, तो उनके कारण और समाधान क्या हो सकते हैं? प्रधानमंत्री का 3023 का लक्ष्य और एजेंडा अर्थपूर्ण नहीं लगता। उसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी किसकी होगी? बेशक 2047 का लक्ष्य भी 'सपनीला' लगता है, क्योंकि विश्व बैंक ने भारत को फिलहाल 'निम्न मध्यम आय' वाली श्रेणी में रखा है, क्योंकि हमारी प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय वैश्विक स्तर पर बहुत कम है। 'विकसित राष्ट्र' बनने के मायने ये हैं कि प्रत्येक व्यक्ति, नागरिक को 'आर्थिक अवसर' जरूर मिलने चाहिए। यकीनन हमारी 30 साल की उम्र से कम वाली आबादी विश्व में सर्वाधिक है। वह हमारी ताकत भी है। वह ताकत 'विकसित अर्थव्यवस्था' तब पैदा कर सकती है, जब बेरोजगारी के मुद्दे को गंभीरता से संबोधित किया जाए। भारत में बेरोजगारी एक चिंतित सरोकार है और इसकी राष्ट्रीय दर करीब 8 फीसदी है। राज्यों में तो बहुत ही बुरे हालात हैं। सरकारी भर्तियों के लिए परीक्षाएं ही टलती रहती हैं। यदि चयन भी हो गया, तो नियुक्ति-पत्र और ज्वाइनिंग को लटका दिया जाता है। आजकल जो नियुक्ति-पत्र बांटे जा रहे हैं, वे 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान हैं। हजारों कर्मचारी सडक़ों पर धरना-प्रदर्शन करते हुए दिखते हैं, क्योंकि उनके वेतन के भुगतान ही अधर में लटके रहते हैं। ऐसा भारत 2047 या उसके बाद भी 'विकसित' कैसे बन सकता है? कमोबेश प्रधानमंत्री मौजूदा व्यवस्था की विसंगतियों को तो संबोधित करें। भारत में महिला श्रम-बल की भागीदारी दर 2022 में करीब 24 फीसदी थी, जबकि यह वैश्विक औसत करीब 47 फीसदी है। प्रधानमंत्री ने लालकिले से घोषणा की है कि वह 2 करोड़ महिलाओं को 'लखपति' बनाएंगे और ग्रामीण स्व सहायता समूहों को ताकतवर बनाएंगे। यह तो किसी भी विकसित राष्ट्र की बुनियाद है, जिसे अभी बनाने की घोषणा की गई है। हम न तो निराशावादी हैं और न ही प्रधानमंत्री के लक्ष्यों पर सशंकित हैं, लेकिन खोखली बुनियाद देखकर चिंतित हैं, लिहाजा सवाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 'विश्वकर्मा योजना' की भी घोषणा की है। जो शिल्पकार, मिस्त्री, स्वर्णकार आदि हाथ और औजार से काम करते हैं, उनकी मदद इस योजना के तहत की जाएगी। क्या वे देश की मौजूदा योजनाओं में कवर नहीं थे? क्या मुद्रा ऋण उन्हें उपलब्ध नहीं था? ऐसे ही कुछ सवाल घर के लिए बैंक ऋण को लेकर हैं। सिर्फ ब्याज में कुछ छूट देने से कुछ हासिल नहीं होगा। सरकार बैंकों पर दबाव बनाए कि 60 साल से ऊपर के नागरिक को भी कर्ज दें और आसान किस्तें तय करें।


वोट मांगने की थोड़ी–सी कसर रह गई। यह विशुद्ध रूप से राजनीतिक आह्वान है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे प्रधानमंत्रियों ने लालकिले का इस्तेमाल राजनीतिक मंच के तौर पर नहीं किया। आश्चर्यजनक यह भी रहा, जब प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि 2024 में वह फिर आएंगे और लालकिले से अपनी उपलब्धियां गिनाएंगे। ऐतिहासिक लालकिला और 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस 'राष्ट्रीय पर्व' के प्रतीक हैं। वहां से प्रधानमंत्री का राष्ट्रीय संबोधन 'राजनीतिक' नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले लक्ष्य की अवधि 24 साल तय की है। क्या इतने समय तक उनसे या उनके उत्तराधिकारी प्रधानमंत्रियों से देश कोई सवाल न करे? दूसरा लक्ष्य वर्ष 3023 का है। क्या तब तक की दुनिया और वैश्विक समीकरणों की कल्पना की जा सकती है? भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का चलन रहा है। उसके बाद प्रधानमंत्री, कैबिनेट और संबंधित विशेषज्ञ समीक्षा करते हैं कि योजनाओं के हासिल क्या रहे? अथवा लक्ष्य पिछड़ गए हैं, तो उनके कारण और समाधान क्या हो सकते हैं? प्रधानमंत्री का 3023 का लक्ष्य और एजेंडा अर्थपूर्ण नहीं लगता। उसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी किसकी होगी? बेशक 2047 का लक्ष्य भी 'सपनीला' लगता है, क्योंकि विश्व बैंक ने भारत को फिलहाल 'निम्न मध्यम आय' वाली श्रेणी में रखा है, क्योंकि हमारी प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय वैश्विक स्तर पर बहुत कम है।


## कुछ अलग

# ताबूत में क्यों बरसी बरसात

**हुआ** क्या हिमाचल तेरे साथ, बारिश या तू खुद ही ढहने लगा! इस साल बरसात का रुख पहाड़ों के अमन-चैन को पछाड़ कर, हिमाचल को कुछ संताप, कुछ पश्चाताप करा रहा है। चीखें हजारों निकल रही हैं इस मलबे से, यहीं कहीं कोई अपना भी इस ढेर में है। जिस प्रदेश में दो हजार के करीब इमारतें ढेर हो चुकी हों, जहां पांच सौ सडक़ें नाकारा और बदहाल हो चुकी हों, जहां हर सन्नाटे में मौत की खबर हो या जहां हर पांव उठने से पहले घायल होने की अवस्था से डर रहा हो, वहां इस त्रासदी का हर कोई वारिस है। इससे पहले भी हिमाचल मौसम की हर प्रतिकूलता से लड़ता आया है, लेकिन पहली बार ताबूत में बरस रही बारिश की हर सूचना में खून खराबा है। जैसे प्रकृति बदला ले रही हो या आज की पीढ़ी के गुनाह सामने आ रहे हैं। कहानियां मंदिर की टूटी घंटियां बता रही हैं, तो सारा शिमला जैसे कब्रिस्तान पर खड़ा हो। जिस शान से हम फोरलेन पर उतरे थे, वहां इतने मरघट जमीन पर उतर आए। यह नक्शा प्रगतिशील हिमाचल का तो नहीं, ऐसे राज्य का जरूर है जिसने बहुत कुछ नजरअंदाज किया है। बेशक प्रगति के नक्शे बनाए और विकास के शिलालेख भी लिखे, लेकिन विडंबना यह कि भविष्य के प्रति जवाबदेही तय नहीं की। हम या तो केंद्रीय बजट में मदहोश रहे या हिमाचल का बजट बनाते किसी न किसी हेरफेर में रहे। आश्चर्य यह कि सारे हिमाचल का मानचित्र कभी पूरा नहीं किया, लेकिन हर विधायक और यहां तक कि मंत्री से मुख्यमंत्रियों तक ने अपने-अपने चुनाव क्षेत्र के नक्शों पर ही हमेशा गौर किया। पिछले तीन दशकों में नवनिर्माण की तीव्रता ही नहीं, बल्कि इस अफरा-तफरी के आलम में हम भूल गए कि पहाड़ कभी मैदान सरीखा नहीं हो सकता। हमने पिछले चालीस सालों में आत्मचिंतन या विश्लेषण करके यह नहीं सोचा कि जिस खेत में कंक्रीट उगा रहे हैं या जिस जल की निकासी रोक रहे हैं, वह कभी तो लौट के आएगा। हमने अतिक्रमण को आपसी भाईचारे की शक्ल देकर, आंगन के करीब बहती कूहल का नामोनिशान मिटा दिया, तो खड्ड से केवल रेत-बजरी नहीं छीनी, बल्कि इसके किनारों को निर्माण के लिए हथिया लिया। सोलन के करीब भवन गिरते रहे, लेकिन इन मकबरों से भी हमने विकास की ईंटें खोज लीं। यह इसलिए भी कि सबसे पहले यहां टीसीपी एक्ट के दांत तोड़े और फिर इसे मारकर वेंटिलेटर पर चढ़ा दिया गया। क्या प्रदेश की राजधानी सुनियोजित है। क्या न्यू शिमला में टीसीपी एक्ट की तमाम शर्तें लागू हैं। क्या शिमला की ग्रीन बेल्ट को बचाने टीसीपी कानून कभी आगे आया। हमने तो यह भी नहीं सोचा कि पहाड़ में कितने बांध बनाए जाएं। बड़ी बांध परियोजनाएं अब गुर्राती हैं, तो हम बीबीएमबी की अरदास बन जाते हैं। डर लगता है जब पंडोह डैम के गेट खुलते हैं और अब जबकि पौंग बांध के बूते से पानी बाहर हो गया, तो खतरे के निशान से निकाला गया पानी कहीं हिमाचल के लिए खतरा बन रहा है। पूरी बल्ह घाटी में बादल नीचे उतर कर जमीन पर चल रहे हैं, तो शिमला के मंदिर में पकती रही खीर को मौसम ने टेढ़ी खीर से कहीं आगे जहर की खीर बना दिया। काश! हमारा विकास अंधा होकर पहाड़ को 90 डिग्री से न काट रहा होता।

## भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई की बढ़ती स्वीकार्यता रुपए को और मजबूती प्रदान करेगी

**प्रह्लाद सबनानी**


भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत आने वाले सभी यात्रियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है ताकि रुपए के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान करने हेतु उत्पादों का आयात एवं निर्यात करने वाले देशों को आपस में स्वीकार्य मुद्रा की आवश्यकता होती है। प्राचीन काल में विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान स्वर्ण मुद्राओं में किया जाता था। वर्ष 1945 में ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर विभिन्न देशों द्वारा विदेशी व्यापार के व्यवहारों के निपटान हेतु उस समय की मजबूत मुद्रा ब्रिटिश स्टर्लिंग पौंड को स्वीकार किया गया था।


**भारतीय** यूनीफाईड पेमेंट इंटरफेस को कई देश अपनाने को तैयार हो गए हैं। भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका ने भी अभी हाल ही में यूपीआई को अपना लिया है। पूर्व में, भारत और श्रीलंका की सरकारों के बीच इस सम्बंध में सहमति बन गई थी। फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर ने पहले ही भारतीय यूपीआई को अपना लिया है। इससे भारत के नागरिकों एवं यूपीआई अपनाने वाले अन्य देशों के बीच रुपए का लेनदेन आसान हो जाएगा। आम नागरिकों को इससे बहुत फायदा होगा क्योंकि रुपए को पहले अमेरिकी डॉलर में बदल कर फिर अन्य देशों की मुद्रा में परिवर्तन करने के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत आने वाले सभी यात्रियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने की सलाह दी है ताकि रुपए के उपयोग को बढ़ावा मिल सके। विभिन्न देशों के बीच विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान करने हेतु उत्पादों का आयात एवं निर्यात करने वाले देशों को आपस में स्वीकार्य मुद्रा की आवश्यकता होती है। प्राचीन काल में विदेशी व्यापार के व्यवहारों का निपटान स्वर्ण मुद्राओं में किया जाता था। वर्ष 1945 में ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर विभिन्न देशों द्वारा विदेशी व्यापार के व्यवहारों के निपटान हेतु उस समय की मजबूत मुद्रा ब्रिटिश स्टर्लिंग पौंड को स्वीकार किया गया था। परंतु, कालांतर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आर्थिक विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बनने के चलते अमेरिकी डॉलर ने ब्रिटिश स्टर्लिंग पोंड का स्थान ले लिया है, जो आज भी जारी है। आज भी अमेरिकी डॉलर पूरे विश्व में एक मजबूत मुद्रा बना हुआ है और विशेष रूप से कोरोना महामारी एवं रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिकी डॉलर की कीमत अन्य देशों की मुद्रा की कीमत की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। एक अमेरिकी डॉलर आज 82 रुपए का हो गया है। दरअसल अमेरिकी डॉलर की मांग अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल ही के समय में बहुत बढ़ी है। एक तो, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बहुत तेज गति से बढ़ी हैं, प्रायः समस्त देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की खरीद का भुगतान अमेरिकी डॉलर में ही करते हैं जिसके कारण अमेरिकी डॉलर की मांग भी बढ़ी है और जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की कीमत में भी वृद्धि दर्ज हुई है। दूसरे, अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की दर 10 प्रतिशत के आसपास (अमेरिका में 9.1 प्रतिशत) पहुंच गई थी, जो कि इन देशों में पिछले 40-50 वर्षों में सबसे अधिक महंगाई की दर है। महंगाई पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से इन देशों द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है, जिसके कारण इन देशों द्वारा जारी किए जाने वाले बांड्स पर प्रतिफल बहुत आकर्षित हो रहे है एवं विदेशी निवेशक विकासशील देशों से अपना निवेश निकालकर




अमेरिकी बांड्स में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे हैं। जिन विकासशील देशों से डॉलर का निवेश निकाला जा रहा है उन देशों के विदेशी मुद्रा के भंडार कम होते जा रहे हैं जिससे उनकी अपनी मुद्रा पर दबाव आ रहा है और डॉलर की स्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। जापान येन का अमेरिकी डॉलर की तुलना में 22 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, ब्रिटिश पाउंड का 20 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, यूरो का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, दक्षिण कोरिया की मुद्रा का 15 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है, आस्ट्रेलिया की मुद्रा का 12 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है वहीं चीनी यूआन एवं भारतीय रुपए का 10 प्रतिशत अवमूल्यन हुआ है। चूंकि अन्य देशों की मुद्राओं का भारतीय रुपए की तुलना में अधिक अवमूल्यन हुआ है अतः भारतीय रुपए की कीमत इन अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में बढ़ गई है। कई विकसित देशों एवं एशिया के कई देशों की मुद्राओं की तुलना में भारतीय रुपए का अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम अवमूल्यन होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल हैं- भारतीय अर्थव्यवस्था का लगातार मजबूत रहना और देश में आर्थिक विकास की गति का तेज होना। हाल ही के समय में भारत से निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं जिसके चलते अमेरिकी डॉलर की भारत में आवक बढ़ी है। दूसरे, भारत में विदेशी निवेश भी लगातार बढ़ता जा रहा है जोकि सामान्यतः अमेरिकी डॉलर में ही होता है। इसके चलते भारत के पास पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा का भंडार मौजूद है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर का लगातार इस प्रकार मजबूत होते जाना एवं अन्य देशों की मुद्रा की कीमत गिरते जाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अन्य देशों के लिए ठीक नहीं है। क्योंकि, जैसे यदि भारत का ही उदाहरण लें, भारतीय रुपए की कीमत लगातार अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिरते जाने के मायने यह हैं कि भारत द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं का महंगा होते जाना एवं भारत द्वारा अधिक अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया जाना। इसके परिणाम स्वरूप भारत में भी मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि हो रही है एवं इसे आयातित महंगाई भी कहा जाता है। इस प्रकार भारत सहित विश्व के अन्य देशों की विदेशी व्यापार करने पर अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता बढ़ गई है। हालांकि विश्व के समस्त देश वैश्विक स्तर पर विदेशी व्यापार करने के लिए विदेशी मुद्रा, जैसे डॉलर, यूरो, येन, पाउंड आदि का उपयोग करते रहे हैं और अब चीन की मुद्रा युआन का इस्तेमाल भी किया जाने लगा है। परंतु, अमेरिकी डॉलर अभी भी विदेशी व्यापार के लिए सबसे प्रभावी मुद्रा बना हुआ है और इसीलिए पूरी दुनिया में अमेरिका की बादशाहत भी बरकरार है। परंतु, अब विदेशी व्यापार में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में भारतीय रुपए को विदेशी व्यापार में भुगतान के माध्यम के रूप में स्वीकार्यता प्रदान की है। विशेष रूप से रूस एवं यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध के बाद रूस और इसके पूर्व ईरान पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के चलते भारत को इन देशों से कच्चे तेल के आयात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसलिए इन देशों द्वारा कच्चे तेल के भुगतान के रूप में भारतीय रुपए को स्वीकार करने पर अपनी सहमति दे दी गई थी। अतः अब न केवल रूस और ईरान बल्कि कई अन्य कई देशों- यथा श्रीलंका, बांग्लादेश एवं अरब राष्ट्र भी भारत से आयात और निर्यात करने पर भारतीय रुपए में भुगतान कर सकेंगे एवं भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। इससे अमेरिकी डॉलर की मांग भारत के लिए कम होगी। इससे भारत की अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम हो जाएगी और रुपए की कीमत पर दबाव भी कम होगा। जो अंततः भारत में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने में भी सहायक होगा। इससे भारत के साथ विदेशी व्यापार करने वाले देशों को भी लाभ होगा क्योंकि इन देशों द्वारा भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं का भुगतान भी भारतीय रुपए में ही किया जा सकेगा। अतः इन देशों की निर्भरता भी अमेरिकी डॉलर पर कम होगी और इन देशों को भारत से निर्यात और अधिक मात्रा में होने लगेंगे। अभी तक भारत की 18 देशों के साथ वोस्ट्रो खाता के माध्यम से व्यापार करने पर सहमति बन गई है, इन 18 देशों के 60 स्पेशल रुपया वोस्ट्रो खाते भारत में खोले जा चुके हैं। ये 18 देश हैं- बोत्सवाना, फिजी, जर्मनी, गुयाना, इजराईल, केन्या, मलेशिया, मारीशस, म्यांमार, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका। 15 जुलाई 2023 को भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच भी विदेशी व्यापार का निपटान रुपए में करने हेतु समझौता सम्पन्न हुआ है। कुल मिलाकर, विश्व के 34 देशों ने भारत के साथ अपना विदेशी व्यापार भारतीय रुपए अथवा उन देशों की अपनी मुद्रा में करने की इच्छा व्यक्त की है। जबकि 64 अन्य देश, जिसमें इटली एवं जर्मनी जैसे विकसित देश भी शामिल हैं, इस सम्बंध में अपनी सकारात्मक सोच को आगे बढ़ा रहे हैं एवं भारत से उनकी चर्चा भी चल रही है।

# अस्पताल मिलेंगे खाली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना शुरू हुआ तो योग की चर्चा विश्व भर में तेजी से होने लगी। नई सरकार के नजरिये और योग के प्रचार-प्रसार का एक लाभ यह भी हुआ कि लोगों का ध्यान आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर भी गया और उनकी लोकप्रियता में भी इजाफा होने लगा। यही नहीं, खुद बहुत से डाक्टरों ने एलोपैथी की सीमाओं के बारे में बताना शुरू किया तो प्राकृतिक चिकित्सा पर फोकस कुछ और भी बना। इस सबके बावजूद फार्मास्युटिकल कंपनियों के प्रभाव, एलोपैथी सिस्टम के डाक्टरों की बड़ी संख्या और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताकत के कारण भारतवर्ष में अभी भी ऐलोपैथी का वर्चस्व है। एलोपैथी के वर्चस्व के कुछ और कारण भी हैं। पहला तो यह कि इसके लैबोरेट्री टैस्ट, एक्सरे और इसीजी, एमआरआई आदि कई तरह के स्कैन जिनकी सहायता से डाक्टरों के लिए रोग की वास्तविक स्थिति का पता लगाना बहुत आसान हो जाता है।


**भारतीय** दूरदर्शन पर सबसे पहले स्वामी धीरेंद्र ब्रह्मचारी ने योग सिखाना शुरू किया। कुंडलिनी योग सिखाने की प्रक्रिया में वे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरू बने और दूरदर्शन पर उनका नियमित कार्यक्रम आने लगा तो दुनिया ने उन्हें जाना। उनके पराभव के बाद सरकारी हलके में योग पर बातचीत थम सी गई। इस बीच बहुत से योगाचार्यों ने योग को जनमानस तक ले जाने के प्रयोग किए, पर दूरदर्शन के अपने कार्यक्रमों में कपालभाति का प्रदर्शन करके सबको मोह लेने वाले बाबा रामदेव सबसे आगे निकल गए और अब सभी योग गुरुओं में वे बेताज बादशाह हैं। उनकी प्रसिद्धि का आलम यह है कि उनकी कंपनी पतंजलि के उत्पाद उनके नाम पर बिकते हैं। श्रीश्री और सद्गुरू सरीखे अन्य संतों का भी बहुत प्रभाव है, पर योगाचार्य के रूप में बाबा रामदेव सबसे आगे हैं। आलोचना बाबा रामदेव की भी कम नहीं हुई। शुरू-शुरू में जब योग शिविर लगा करते थे तो कई लोग बाद में अस्पतालों में जाते थे क्योंकि योग शिविरों में उनकी शारीरिक अवस्था जानने की कोई व्यवस्था नहीं होती थी और सबको एक साथ कई तरह के योगासन करवाए जाते थे। इससे सचमुच कई नई परेशानियां पैदा हुईं और बहुत से डाक्टरों ने सोशल मीडिया पर योग शिविरों से होने वाले नुकसान के बारे में बोलना शुरू किया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाना शुरू हुआ तो योग की चर्चा विश्व भर में तेजी से होने लगी। नई सरकार के नजरिये और योग के प्रचार-प्रसार का एक लाभ यह भी हुआ कि लोगों का ध्यान आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर भी गया और उनकी लोकप्रियता में भी इजाफा होने लगा। यही नहीं, खुद बहुत से डाक्टरों ने एलोपैथी की सीमाओं के बारे में बताना शुरू किया तो प्राकृतिक चिकित्सा पर फोकस कुछ और भी बना। इस सबके बावजूद फार्मास्युटिकल कंपनियों के प्रभाव, एलोपैथी सिस्टम के डाक्टरों की बड़ी संख्या और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताकत के कारण भारतवर्ष में अभी भी ऐलोपैथी का वर्चस्व है। एलोपैथी के वर्चस्व के कुछ और कारण भी हैं। पहला तो यह कि इसके लैबोरेट्री टैस्ट, एक्सरे और इसीजी, एमआरआई आदि कई तरह के स्कैन जिनकी सहायता से डाक्टरों के लिए रोग की वास्तविक स्थिति का पता लगाना बहुत आसान हो जाता है। एलोपैथी की लोकप्रियता का दूसरा कारण है बुखार की अवस्था में रोगी के लिए फौरी राहत। तीसरा कारण यह है कि हृदय रोग, पथरी सहित विभिन्न आपरेशनों के लिए रोगी को एलोपैथी पर ही निर्भर होना पड़ता है। इसी तरह किसी दुर्घटना में घायल हुए लोगों के लिए, तथा एमरजेंसी मामलों के लिए एलोपैथी सिस्टम ही हमारे काम आता है। इन सब खूबियों के बावजूद एलोपैथी की सीमाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। एलोपैथी में बहुत से रोगों को लाइफस्टाइल बीमारी बता कर रोगी को जीवन भर के लिए रोग का गुलाम बना दिया जाता है जबकि आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा अन्य वैकल्पिक पद्धतियों में उनके सफल इलाज की संभावना है। यही कारण है कि लोग वैकल्पिक पद्धतियों के बारे में भी सचेत हो रहे हैं। इस सबके बावजूद तीन बड़ी अड़चनें हैं जिनसे दुनिया भर में रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। पहली अड़चन तो यही है कि एलोपैथी में जिसे लाइफस्टाइल की बीमारी बताकर जीवन भर के लिए गुलाम बना लिया जाता है, उन दवाइयों से बीमारी दबती है, ठीक नहीं होती और कुछ सालों के बाद रोगी एक और नई बीमारी का शिकार हो जाता है, और फार्मास्युटिकल कंपनियों और डाक्टरों का हलवा-मांडा चलता रहता है। बीमारों और बीमारियों के लगातार बढ़ते जाने का दूसरा कारण यह है कि आधुनिकता के साथ-साथ हमारा खानपान बदल गया है और बर्गर, पिज्जा, नूडल्स और पैक्ड फूड जैसे अप्राकृतिक भोजन ने हमारी सेहत को बुरी तरह से प्रभावित किया है। सूरज की रोशनी से दूरी, व्यायाम की कमी और मोबाइल फोन तथा लैपटाप की व्यस्तता ने आग में घी का काम किया है। इन दो कारणों से तो हम परेशान हैं ही, एक बड़ा कारण, जिसकी ओर चिकित्सा विज्ञान का ध्यान नहीं जा रहा है, वह है गुस्सा, उदासी, अपमान, आत्मग्लानि, अकेलेपन की भावना आदि हानिकारक भावनाओं के कारण होने वाली बीमारियां। बचपन में अगर कभी किसी बच्चे को लगातार मां-बाप से, पड़ोसियों या रिश्तेदारों से, अपने हमउम्र साथियों से या अध्यापकों से लगातार अपमान मिले, मारपीट बर्दाश्त करनी पड़े और बच्चा कुछ न कर पाए, अपनी भावनाएं व्यक्त न कर पाए, तो गुस्से और अपमान की भावना अवचेतन मन में गहरे बैठ जाती है जो उसके वयस्क होने पर किसी न किसी बीमारी के रूप में सामने आती है। बड़ा हो जाने पर भी अगर किसी को अपने उच्चाधिकारियों से, सहकर्मियों से, परिवार से, जीवनसाथी से लगातार उपहास या अपमान का सामना करना पड़े, या वह व्यक्ति किसी भी कारण से अपने काम में असफल हो रहा हो, तो उससे उपजी कुंठा, बेचैनी, गुस्सा आदि उसके आत्मविश्वास को कम करते हैं, उसकी अपनी नजरों में उसकी इज्जत कम हो जाती है और ऐसा व्यक्ति निराशा में चिंताग्रस्त या अवसादग्रस्त हो जाता है और इन मानसिक विकारों के कारण भी अंततः कई बीमारियों का शिकार हो जाता है। समस्या ये है कि मानसिक विकारों से उपजी बीमारी का इलाज जब तक अवचेतन मन में ही नहीं होगा, रोग पूरी तरह से ठीक हो ही नहीं सकता।

## देश दुनीया से

# इन पहाड़ों को बचा लीजिए...

**आप** या आपके कोई अपने सुबह तडक़े नहा धो कर हाथ में जल का लोटा लिए ओउम नमः शिवाय का जाप करते किसी शिव मंदिर में जाकर अपनी किसी खुशी-मन्नत को पूरा होने पर जलाभिषेक या रुद्राभिषेक करने लगे और तभी भयंकर गर्जना के साथ कई पूजारत भक्तों के साथ पूरा मंदिर जमींदोज हो जाए, जलमग्न हो जाए...और पल भर में न मंदिर का और न लोगों का कहीं अतापता हो...यह सोच कर पूरा शरीर कांपने लग जाता है...। यही कुछ दो दिनों पूर्व सुबह सात बजे समरहिल शिमला स्थित शिव बांवड़ी मंदिर में हुआ है जो दिल दहलाने वाली शिमला की अब तक की भयावह घटना है। बालूगंज से नीचे उतरते हुए आप कालका-शिमला रेलवे लाइन को क्रॉस करके एक पगडंडी नुमा रास्ते से शिव बांवड़ी पहुंचते हैं। समरहिल चौक से यहां तक वाहन योग्य सडक़ भी है। इसी शिव बांवडी के साथ शिव मंदिर निर्मित था जहां समरहिल, बालूगंज और अन्य जगहों से दर्जनों लोग ऐन सुबह शिव दर्शन, पूजा और जलाभिषेक के लिए जाया करते थे। बताया जाता है कि जब भयंकर गर्जना के साथ उच्च अध्ययन संस्थान के नीचे से समरहिल सांकटी जाती दोनों सडक़ों के किनारे अचानक पानी का बवंडर उठा तो वह अपने साथ कई देवदार के विशाल पेड़ और पूरी पहाड़ी को बहाता शिव मंदिर को पूरी तरह रौंदता लगभग दो किलोमीटर नीचे तक चला गया। यह बादल फटने की घटना थी। लोग बताते हैं कि जमीन के नीचे से पानी किसी विस्फोटक की तरह निकला और मृत्युकाल नुमा नाले में तबदील हो गया। लगभग पच्चास लोग उस समय मंदिर में थे। मंदिर में लाउडस्पीकर की आवाज में कुछ सुनना संभव नहीं था और जो कुछ लोग यहां बचे भी वे पंक्तियों में भीतर जा रहे थे जिन्होंने भाग कर अपनी जानें बचाई। लेकिन मंदिर में पूजारत लोगों के लिए यह संभव न हो पाया और सभी जमींदोज हो गए। इनमें हिमाचल विश्वविद्यालयों के दो प्रोफेसरों और उनके परिजनों के साथ कई बच्चे व छात्र, मजदूर और स्थानीय श्रद्धालुओं ने अपनी जिंदगी गंवा दी। सात लोगों का एक भरा पूरा परिवार चला गया। दूसरे दिन मंदिर में भंडारा होना था जिसकी सुबह से ही तैयारियां चल रही थी। दो दिनों से मलबे में दबे लोगों को निकालने का कार्य चल रहा है। अब तक 20 लोगों के शव मिल चुके हैं और लोगों का कहना है कि इतने ही लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। मंदिर के ऊपर जो रेल पटरी थी वह कई मीटर झूले की तरह झूल रही है जिसके नीचे गहरी खाई बन चुकी है। उसी दिन शिमला के उप नगर फागली में भी पन्द्रह ढारे ढह गए जिनमें भी कुछ मौतें हो गई। पिछले कल लालपानी स्थित लगभग 28 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित आधुनिक स्लॉटर हाउस और उसके साथ के रिहायशी मकान देवदार के पेड़ों के साथ ढह गए। यह एक भयानक मंजर था। पिछले तीन चार दिनों में शिमला के कई स्थानों पर भूस्खलन हुए हैं, पेड़ गिरे हैं, कई मकान और सडक़ें ढही हैं जिससे जनजीवन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। जीवन जैसे ठहर सा गया है। हर व्यक्ति डरा सहमा सा है। रास्तों में चलते डर लगने लगा है कि किस समय कहां लैंड स्लाइड हो जाए या पेड़ गिर जाए... ? हम रात को उठ-उठ कर कई बार बाहर जाकर अपने मकानों का जायजा लेते रहते हैं। मकानों के ऊपर खड़े विशाल देवदार के पेड़ों को देखते हैं और इन देववृक्षों से जीवन देते रहने की प्रार्थनाएं करते हैं। बाबाओं और भक्तों ने मंदिर बनाना शुरू किया और देखते ही देखते विशाल मंदिर परिसर बन गया। शिमला के आसपास ऐसे अनेक मंदिर बन गए हैं जिनके प्रति घोर आस्थाओं ने तमाम नियम कायदे ईश्वर के हवाले कर दिए हैं और आमजन से लेकर सरकारों तक भक्ति में लीन सर झुकाती चली गई हैं। काश! यह भय प्रकृति की क्रूरता से भी लगने लगता... ? हम जिन मंदिरों में जाकर अपने लिए बड़ी बड़ी मन्नतें मांगते नहीं थकते, काश! इन पेड़ों, जंगलों, पशु-पक्षियों और पानी पहाड़ के लिए भी दुआओं के साथ संकल्प किया करते कि हम इन्हें सुरक्षित रखेंगे, बचाएंगे...क्योंकि शायद मंदिर में भक्ति करने से ज्यादा आज जल, जंगल और जमीन बचाने की आवश्यकता है।


मंदिर में लाउडस्पीकर की आवाज में कुछ सुनना संभव नहीं था और जो कुछ लोग यहां बचे भी वे पंक्तियों में भीतर जा रहे थे जिन्होंने भाग कर अपनी जानें बचाई। लेकिन मंदिर में पूजारत लोगों के लिए यह संभव न हो पाया और सभी जमींदोज हो गए। इनमें हिमाचल विश्वविद्यालयों के दो प्रोफेसरों और उनके परिजनों के साथ कई बच्चे व छात्र, मजदूर और स्थानीय श्रद्धालुओं ने अपनी जिंदगी गंवा दी। सात लोगों का एक भरा पूरा परिवार चला गया। दूसरे दिन मंदिर में भंडारा होना था जिसकी सुबह से ही तैयारियां चल रही थी। दो दिनों से मलबे में दबे लोगों को निकालने का कार्य चल रहा है।


## दृष्टिकोण

# समझौतापरस्तों की बस्ती

**जब** से जिंदगी से रुखसत लेने का समय करीब आता जा रहा है, हम एक ही बात बार-बार सोचने लगे हैं, कि क्या हमारी इस धडऩतख्ता जिंदगी और नामुकम्मल जिंदगी की नाकामयाबी के पीछे यह सच्चाई तो नहीं कि हम किसी भी क्षण जिंदगी के किसी भी आयाम में एक समझौतापरस्त टुकडख़ोर न बन सकें? जी हां, जीवन में कामयाब होने के यही दो अचूक मंत्र हैं। पहला तो यह कि सबसे अच्छा लड़ाकू वह जो अपने से तगड़े को देख कर समझौता कर उसकी चरणवंदना कर ले, और अपने से कमजोर के सामने एक ऐसे पहाड़ पर खड़े होने का नजारा पेश करे कि जिसके नीचे कोई सीढ़ी भी नहीं। ऐसे पहाड़ पर वह हमेशा अकेला खड़ा रहता है और अपनी कल्पना में एक ऐसी भीड़ को अपना अनुसरण करते देखता है, उन पर अनुग्रह के फूल बरसाता रहता है। आशीर्वाद की भाषा के चंदोने तानता है, लेकिन अगर उसके ढोल की पोल खोल कोई छीछालेदर करने वाला सामने आ जाए तो उसके मुखौटे का रंग बदल जाता है। वह विनम्रता की प्रतिमूर्ति बन जाता है और झुक-झुक कर उसे ऐसी कोर्निश बजाता है कि वह दूसरा भूतपूर्व पहाड़ भी उससे लज्जित होकर अपने अहम ब्रतास्मि को गलत अर्थ लगने लगता है। शब्द 'कोर्निश' का क्या अर्थ होता है, बन्धु। भाषा शून्य, बुद्धि वर्जित हमसे बार-बार पूछ लेते हैं। अब उनकी जिज्ञासा का समाधान हम कैसे करें? तब एक और शब्द 'टुक्कडख़ोर' कूद कर किसी मायूस खरगोश की तरह हमारे बीच आकर खड़ा हो जाता है। अपनी मासूमियत के पंजे रगड़ते हुए बता देता है कि बन्धु शेरों की दहाड़ का नहीं, जमाना खरगोशनुमा पुलकन का है, गिलहरी सी फुदकन का है। भूख और बेकारी चाहे कितनी बढ़ जाए, जर्द होते और मुरझाते फूल मुर्दा होती तितलियों के पंखों की तरह बार-बार चेतायें कि बेमौसमी बरसात के विदा होते बादलों के साथ आजकल इन्द्रधनुष नहीं खिलते। अकाल और बेकारी लौट-लौट कर तेरे दरवाजे पर दस्तक देती है और तू विकास दर के आंकड़ों की छलांग पर लौटती लहरों की बांसुरी बजाता है। इस बेसुरी होती दुनिया में संगीत की लहरों पर युग बदलने के क्रांतिनाद नहीं उभरते, टुक्कडख़ोरों की घिघियाहट पेश-पेश हो जाती है। सुनो अलविदा कह गयी तलाकशुदा भूतपूर्व प्रेमिका की तरह, मौत के हरकारे महामारी का नया मुखौटा पहन कर तेरी जिंदगी में लौट आये हैं। किसान अपनी फसलों के लिए एक निम्नतम मूल्य की गारंटी की आस लिए फरियाद करते हैं और उधर अपने दया और हमदर्दी के नये पहाड़ से एक और मसीहा से फरमा दिया, जो तेरा दर्द वह मेरा दर्द। देश मेरे कर रहित बजटों की ओर देखो, इसमें उन स्कूलों के खुलने की चिन्ता है जो महामारी के भय से फिर बंद कर दिये गए थे। इन बेकार हाथों को फिर से काम देने की चिन्ता है जिन्होंने अपने इलाकों को बेगाने इलाके से अलग कोष्ठकों में फिर बंद कर देने का प्रयास किया है। न्यायाधीश कहते हैं, अजी इन कोष्ठकों पर फिर से विचार कर लो, अपने इलाके के पचहत्तर प्रतिशत लोगों को इसमें बंद कर दोगे, तो केवल पच्चीस प्रतिशत को खुला छोड़ पूरे देश को डिजीटल कैसे बनाओगे? मंगल ग्रह पर पहुंच कर नये ख्वाबों की बस्ती कैसे बसाओगे? लेकिन बन्धु, मंगल ग्रह तक जाने की आवश्यकता क्या है? वहां अपनी धरती जैसा जीवन है या नहीं, इसकी खोज करने चले हो। अरे पहले अपनी धरती के मरते-जीते लोगों को नयी सांसें तो बख्श दो। तब होगा एक टुक्कडख़ोर संस्कृति का जन्म। इसी संस्कृति से जीने का नया संदेश मिलेगा। धनी की महिमामयी मेज से गिरते हुए फल मिठाई के उच्छिष्ठ शिरोधार्य करने का संदेश। पीठ थपथपाने से बड़ा अनुग्रह कोई और नहीं होता, बन्धु। चारण हो जाने से बड़ी सुरक्षा और कोई नहीं। आओ नये उभरते इन शक्ति स्तम्भों का झांझ कर ताल बजा कर स्वागत करें कि 'प्रभो तुम ही बचाओगे हमें इन दुर्दिनों से।' जब से जिंदगी से रुखसत लेने का समय करीब आता जा रहा है, हम एक ही बात बार-बार सोचने लगे हैं, कि क्या हमारी इस धडऩतख्ता जिंदगी और नामुकम्मल जिंदगी की नाकामयाबी के पीछे यह सच्चाई तो नहीं कि हम किसी भी क्षण जिंदगी के किसी भी आयाम में एक समझौतापरस्त टुकडख़ोर न बन सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अंतर्विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, में अंतर विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई।प्रतियोगिता के किशोर वर्ग में प्रथम ऐश्वर्या राज पाठक कक्षा दशम, द्वितीय ज्योतिष कुमार कक्षा षष्ठ, तृतीय



विवेक यादव कक्षा सप्तम, शिशु वर्ग में प्रथम शिवम कुमार कक्षा पंचम, द्वितीय सक्षम कुमार कक्षा चतुर्थ, तृतीय नैतिक राज कक्षा चतुर्थ विजेता बनने का गौरव पाया। प्रतियोगिता प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में रविकांत पाठक, पिंटू कुमार राय, सुश्री रिंकी कुमारी, राहुल कुमार पाण्डेय, आनन्द किशोर प्रजापति, अल्पना सिन्हा, रेवत लाल प्रसाद, सचिन कुमार पाण्डेय, सुश्री निखत प्रवीण, रवीन्द्र कुमार, शिव शरण ठाकुर, मुकेश कुमार सिन्हा, अर्चना सिन्हा, सुशील सौरभ, विवेक कुमार, पवन कुमार गुप्ता, राज कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।

### हेसला रेलवे भूमिगत मार्ग में डूबा स्कूल वैन, बच्चों शिक्षिकाओं को लोगों ने निकाला

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अरगड्डा-नईसराय मुख्य सड़क पर अवस्थित हेसला रेलवे भूमिगत मार्ग पर गुरुवार करीब 11 बजे मूसलाधार बारिश के जमे पानी में स्कूल वैन फंस गया। जिसमें सवार करीब 25 बच्चे और दो शिक्षिकाओं को ग्रामीणों ने खिड़की से बाहर



निकाल कर बचाव कार्य किया। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही वर्षा के कारण भूमिगत मार्ग हेसला रेलवे मार्ग पर जल का जमाव काफी बढ़ गया था। इस बीच ऊपर के रेलवे क्रॉसिंग मार्ग बंद होने के कारण वैन में सवार स्कूली बच्चों का वाहन नीचे के भूमि मार्ग पर नईसराय से अरगड्डा की ओर बढ़ने लगा। लेकिन पानी जमा के कारण हेसला अंडर ग्राउंड के अंदर ही बंद होकर खराब हो गया। जिससे आपातकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों की नजर पड़ने के बाद स्कूली बच्चों और सवार दो शिक्षिकाओं को रेस्क्यू कर ग्रामीणों ने निकाला। लोगो ने बताया संतना कैथा के स्कूल वैन को बाद में ट्रैक्टर से खींचकर निकलना पड़ा। इससे बड़ी घटना टल गई।

### रामगढ़ महिला महाविद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन का पुनः मिला अवसर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महिला महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो सरिता सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिले का एकमात्र सरकारी माहिला महाविद्यालय, रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में संचालित है।इस महिला महाविद्यालय में नामांकन कराने के लिए पुनः आवेदन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रथम सूचि में नामांकन से वंचित विद्यार्थी इस महाविद्यालय में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी और वाणिज्य आदि विषयों में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए पूरे चुट्टूपालू घाटी में दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित करने एवं उन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में साइनेज बोर्ड लगवाने व साइनेज बोर्ड पर दुर्घटना से बचाव संबंधित जागरूकता संदेश व एंबुलेंस सहित अन्य आवश्यक जानकारी होना सुनिश्चित कराने का कार्य 10 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। चुट्टूपालू घाटी में लगाए गए लाइटों के कार्य नहीं करने व इसके कारण दुर्घटना की संभावना को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने एनएचएआई के अधिकारियों को तत्काल रुप से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने एवं उनके माध्यम से सभी लाइटों का ससमय कार्य करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं उक्त आदेश की अवमानना होने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी उपायुक्त द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों को दी गई। सड़कों के आसपास सूखे पेड़ों से दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को 3 दिनों के अंदर अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों के आसपास सभी सूखे पेड़ों को चिन्हित कर संबंधित सूची वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीपीएम एनएचएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमवार स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं की सभी प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वही संस्थागत प्रसव मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ममता वाहन, एंबुलेंस आदि के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आयुष्मान के माध्यम से वर्तमान में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, सदर अस्पताल आदि में लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आयुष्मान व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों व अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को स्वास्थ्य सहियाओं को आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया वही परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी लेते हुए विद्यालयों में बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाले आई टैबलेट को अनिवार्य रूप से शिक्षकों की उपस्थिति में ही बच्चों को खिलाना सुनिश्चित कराने संगीत अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

## फाहिमा अकादमी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नयी बस्ती पगमिल स्थित फाहिमा अकादमी मे हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्राचार्य फरहा फातमी के द्वारा झंडोतोलन किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसमे प्रमुख रूप से सारे जहाँ से अच्छा,एकता की शक्ति, भारत की बेटी, कर चले हम फ़िदा जाने तन साथियो, देश है वीर जवानों का एवं फैंसी ड्रेस कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया कार्यक्रम के समापन के उपरांत प्राचार्य फरहा फातमी एवं सचिव अहमद अली ने छात्र छात्राओं की भागीदारी की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हसरत अली, महताब आलम, मोहम्मद बेलाल, अनूप पाठक, गौतम यादव, अबदाल आलम, सोमनाथ सिंह, राहुल यादव, मो सफ़ीक़, मनोज कुमार, समसाद आलम, सालेहा परवीन, राखी मिश्रा, ओजान तररनम, पल्लवी शर्मा, और कुणाल कुमार की प्रमुख रूप से भागीदारी रही।

## गणेश पूजा व मेला को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रत्येक साल की तरह इस वर्ष भी न्यू मार्केट के अम्बेडकर पार्क में गणेश पूजा व मेला को लेकर बैठक हुई ढ्ढ जिसकी अध्यक्षता जय प्रकाश सिंह ननकी एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि विरेन्द्र झा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से हर साल की भांति इस वर्ष भी मेला व पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही साथ पूजा को सफल संचालन हेतु कमिटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक के रूप में विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद संरक्षक राजकुमार पासवान धर्मेंद्र सिंह विरेन्द्र झा राहुल रंजन सोनी खान गिरिजेश कुमार गीता देवी सुमन भारती पंचम मुण्डा ढ्ढ अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ननकीउपाध्यक्ष बैजनाथ राय सचिव किशोर महतो सह सचिव विजय राय राजु प्रसाद धीरज कुमार कोषाध्यक्ष सपन दास पुजा प्रभारी शम्भु प्रसाद उप पुजा प्रभारी सह व्यवस्था गोविंद कुमार प्रथम चौधरी तुषार मिश्रा यातायात प्रभारी नंदकिशोर महतो रणधीर कपुर रंजन पटेल आदि का चयन किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर याद किए गए कृष्ण वल्लभ सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 77 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केबी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन के द्वारा संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री को याद कर उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।फाउंडेशन के संचालक आशीष सहाय ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक पहचान दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानी संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय का बचपन हजारीबाग में बीता।उन्होंने संत कोलंबस कॉलेज से अंग्रेजी से स्नातक कर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष शुरू किया। गांधी जी के नेतृत्व में हुए सभी आंदोलनों में शिरकत की,साथ हीं कांग्रेस पार्टी के रामगढ़ महाधिवेशन में उन्होंने अहम योगदान दिया। श्री केबी सहाय शुरुआती दौर 1919 में, अंग्रेजो के गलत नीतियों के खिलाफ अमृत बाजार पत्रिका अखबार के लिए। हजारीबाग से रिपोर्टिंग करते थे। असहयोग आंदोलन के समय उन्होंने न केवल अंग्रेजो के खिलाफ आंदोलन में भाग लिया बल्कि किसानों को भी आगे बढ़ाया जमीदारों और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ किसानों की लड़ाई का नेतृत्व भी किया।

## पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का एक अभिन्न अंग है : साहिल अनवर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चितरपुर महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम खेलकूद प्रतियोगिता और शैक्षणिक प्रतियोगिता के विजय प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि साहिल विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ के पूर्व विधायक अर्जुन राम शामिल हुए और शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित। इस अवसर पर शिक्षकों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए साहिल सफीक ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन करना ओर प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करना अर्थात प्रोत्साहन हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि आज के दौर में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन का एक अभिन्न अंग है जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अर्जुन राम और क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी पवन दांगी उपस्थित थे। अर्जुन राम ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ता है और सफलता के लिए अग्रसर होते हैं पूर्व विधायक ने कहा कि सुदूरवरती इलाका में शिक्षा का दीप जलाना समाज को एक नई रोशनी देना जैसा है उन्होंने कहा कि शिक्षकों कर्मचारी कठिन मेहनत कर छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने का काम कर रहे हैं जो बहुत ही अतुलनीय है।

## स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर सनराईज पब्लिक स्कूल, रामगढ, झारखंड के प्रांगण में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा थे, सर्व प्रथम अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया, उसके उपरांत विधिवत उद्घाटन राष्ट्रीय झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय गीत संयुक्त रूप से गाकर किये। उसके उपरांत मुख्य अतिथि का सम्बोधन एवं अनेको स्वतन्त्रता सेनानियो को याद करते हुए, पंडित चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मी बाई, तात्या टोपे उनकी अमर गाथा संक्षेप मे सुनाई गई आज उनकी कुर्बानियों के बदोलत ही हम एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने है, विशिष्ट अतिथि नवीन पाठक, राम भगत शर्मा थे,विशिष्ट अतिथि ने भी स्वतन्त्रा सेनानियो की याद दिलाई, स्कूल के प्रबंधन अशोक कुमार पांडेय ने भी सुभाष चंद्र बोस, लक्ष्मी बाई ,भगत सिंह इत्यादी के बारे में कहा, बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम में अनेको देश भक्ती गीत गाये गये, तालीयो कि आवाज से काफी उत्साहित देखा जा रहा था। कार्यक्रम में बच्चो को गाईड शिक्षिका पूजा कुमारी कर रही थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधा प्रसाद , रणधीर गुप्ता, संगीता गुप्ता, रूचि कुमारी, खुशी कुमारी, रजनी कुमारी, बसंती देवी इत्यादी एवं स्कूल के सेकडो बच्चो ने कार्यक्रम मे भाग लिये। अन्त में सभी के बीच मिठाइयों बाटी गई, कार्यक्रम के अंत में समापन की घोषणा की गई ।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कारा समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## सुपरस्टार रजनीकांत रामगढ़ के रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे रामगढ़ एसपी पीयुष पांडे ने बूके देकर किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के प्रसिद्ध मंदिर रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में गुरुवार को साऊथ इंडियन व बालीवुड सुपरस्टार रजनीकांत मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे इस बीच रामगढ़ एसपी पीयुष पांडेय ने उनका स्वागत बूके देकर किया। बताते चलें कि प्रसिद्ध एक्टर रजनीकांत का सबसे पहले रांची आगमन हुआ था जिसके बाद आज रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर पूजा अर्चना करने पहुंचे। भारत के महानतम अभिनेताओं में से एक और महान व्यक्ति सुपरस्टार रजनीकांत का सबसे पहले रांची अवागमन हुआ जहां राजभवन में राज्यपाल ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की । बताते चलें कि सुपरस्टार रजनीकांत गुरुवार को सुबह मां छिन्नमस्तिका मंदिर में बिना तामझाम के पहुंचे वहां उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना की है और चले जाए । मंदिर में आम लोगों के साथ पुजारियों ने भी उनके साथ सेल्फी लेनी की होड लगी रही । झारखंड की महान धरती पर उनका हृदय से स्वागत किया गया।

## रोजगार मेला का धनंजय कुमार पुटूस ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को रामगढ़ के रांची रोड,मरार में झारखंड सरकार के झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के अंतर्गत चलाए जा रहे मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत ई.डी.एस. कैम्पस में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए। आयोजित रोजगार मेला में लगभग 210 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें पर्ल ग्लोबल,एल एंड टी, एम.के.एम. कम्पनी द्वारा 72 छात्र-छात्राओं को रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। रोजगार मेला के माध्यम से सरकार का यह उद्देश्य है कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। मुख्य अतिथि धनंजय कुमार पुटूस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की इस प्रकार के आयोजनों से बेरोजगार युवाओं को प्लेसमेंट की चिंता से काफी हद तक राहत मिल जाती है, एवम देश के विभिन्न राज्यो से आए कंपनियों को भी स्किल्ड युवा-युवती आसानी से मिल जाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील कुशवाहा,अरविंद कुमार, नेहा कुमारी,वरुण क्षेत्री,विदित कुमार, पूजा कुमारी का अहम योगदान रहा।

## हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबूगाव में आजादी का वार्षिकोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डुंगर मल जैन, विद्यालय प्रबंधकारणी अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह, सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं भारत माता पूजन किया गया। तत्पश्चात मुख्यातिथि डुंगर जैन द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। विद्यालय के घोष दल ने अतिथियों का स्वागत किया । अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम 77वां स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ तो मना रहे हैं पर ये आजादी हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों द्वारा प्राप्त हुई है उसे कभी नहीं भूलना चाहिए। कक्षा प्रथम के भैया बहनों द्वारा मां तुझे सलाम गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा दशम की बहन सुरुचि द्वारा हिन्दी सम्भाषण जोशीले अंदाज में प्रस्तुत किया। कक्षा चतुर्थ की बहनों द्वारा सरस्वती वंदना पर गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। संस्कृत सम्भाषण कक्षा सप्तम की बहन सेजल भारती ने प्रस्तुत किया। शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर करने वाले भैया को अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा सचिव राम बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह एवं सहसचिव अनूप कुमार सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया । श्री पिंटू कुमार राय को सर्वश्रेष्ठ आचार्य के रूप में अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा एवं सचिव राम बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

## पिछले 2 वर्षों में हजारीबाग यूथ विंग ने बनाई अपनी एक अलग पहचान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के हजारीबाग यूथ विंग सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में पिछले 2 वर्षों से अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में, किसी भी धार्मिक अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर सहभागी बनता है। मुस्लिम समुदाय के पर्व में भी अपनी गतिविधि को कायम रखता है ऐसे हजारीबाग यूथ विंग को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र में अंकित किया गया है कि मानव सेवा हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज के प्रति उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान दिया गया है। इनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वतंत्रता दिवस 2023 के अवसर पर यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। प्रशस्ति पत्र हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, डॉक्टर वी वेंकटेश, विकाश तिवारी एवं सनी देव ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि हम विश्वास दिलाते हैं कि हजारीबाग यूथ विंग सदैव सामाजिक कार्यों में अपनी गतिविधि को कायम रखेगी। हजारीबाग यूथ विंग धार्मिक अनुष्ठान के दौरान 21 तारीख को गौशाला परिसर में भव्य महारुद्राभिषेक आयोजन करने जा रही है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# खलारी कोयलांचल क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा एक बार फिर परवान चढ़ने लगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी कोयलांचल क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा एक बार फिर परवान चढ़ने लगा है. प्रखंड के कई गांवों और कस्बों में इन दिनों महुआ से अवैध शराब की चुलाई और बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है. जहां सुबह शाम शराबियों की महफिल सजी रहती है.खासकर युवा लोग इसके गिफ्त में आ रहे है. यहां प्रतिदिन बढ़ रहे अवैध महुआ शराब का कारोबार और शराबियों से अच्छे परिवार के लोगों का राह चलना भी दूभर हो गया है. खासकर महिलाओं व विद्यालय और कॉलेज के छात्राओं को काफी परेशानी हो रही है. शराब की लत से कई घर भी बर्बाद होने लगे हैं. बताया जाता है कि शराब सेवन करने के लिए यहां खासकर शराबियों व असमाजिक तत्वों का जमावड़ा हर गली व मुहल्ले मे लगता है. ये शराबी राह चलते महिलाओं व युवतियों पर फब्तियां कसते हैं. ऐसे में महिलाएं अपने को असहज महसूस करती है. आलम यह है कि यहां कई गांव में शराब विक्रेताओं द्वारा बेखौफ हो कर भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार की दवाईयां और अल्कोहल भी मिलाया जाता है. जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. दवायुक्त शराब पीकर अब तक कई लोग असमय काल के गाल में भी समा चुके हैं. प्रखंड की धमधमिया, खलारी शांतिनगर, करकट्टा बिश्रामपुर, जामुन दोहर, मोहननगर, राय कोलियरी, बमने सहित दर्जनों गांवों में महुआ से बनने वाले अवैध शराब की चुलाई और बिक्री की जाती है. इन गांवों की अवैध शराब भठ्ठियों पर अक्सर शराबियों औरअसामाजिक तत्वों की महफिल सजी रहती है.यहां चल रहे अवैध महुआ शराब की चुलाई और बिक्री की जानकारी प्रशासन को भी है. परंतु इस ओर किसी तरह की कार्यवाही नहीं होने से खासकर अच्छे घराने के लोग नाराज हैं. ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त और प्रशाशन से महुआ शराब की अवैध नशा कारोबार धंधे पर पूर्णता अंकुश लगाने की मांग की है.

# सीएचसी कर्रा में स्वागत सह विदाई कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा के डॉक्टर सुनील खलखो एवं डॉ प्रीति लता के यहां से दूसरी जगह पदस्थापित किए जाने और डॉक्टर प्रफुल्ल चंद झा एवं डॉ विजय प्रसाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा में आने पर स्वागत व विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य प्रभारी शकील अहमद ने कहा कि दोनों डॉक्टर जो यहां से पदस्थापित हुए हैं उनके कार्यकाल में यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को काफी बल मिली है दोनों डॉक्टरों ने अपने कर्तव्य और जिम्मेवारी को भलीभांति निभाया है दोनों डॉक्टर अपने कुशल व्यवहार के कारण यहां के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अच्छी सहभागिता रही है।

यहां से पदस्थापित डॉक्टर सुनील खलखो और डॉक्टर प्रीति लता ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत दुखद घड़ी है मगर नौकरी के नियम के तहत हम लोग बंधे हुए हैं हम लोग को जहां काम के लिए भेजा जाता है वहां अपने कर्तव्य समझते हुए हम लोगों को जाना है उन्होंने सभी कर्मियों का धन्यवाद किया कि उनके कार्यकाल में सभी का अच्छा सहयोग मिला है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यहां आए दोनों नए डॉक्टर ने कहा कि हम लोग जहां भी रहे हैं वहां कर्मियों के साथ हम लोगों का तालमेल अच्छा रहे हैं उम्मीद करता हूं यहां भी अच्छे तालमेल रहेंगे स्वस्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुमार कुंडू ने कहा कि दोनों डॉक्टर के कार्यकाल में स्वास्थ्य सुविधा यहां के लोगों को मिली है कर्मियों के साथ जो तालमेल इन लोगों का रहा है उसे भुलाया नहीं जा सकता आगे भी हम लोग चाहेंगे जो भी डॉक्टर यहां आए हैं उनके साथ अच्छे तालमेल बनाकर एक सामंजस्य के तहत कार्य करें ताकि स्वास्थ्य कर्मी या यहां के ग्रामीण जनता को कभी स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की दिक्कत है ना आए.

# तमाड़ डीलर संगठन की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड प्रांगण में बुधवार को डीलर संगठन तमाड़ का आकस्मिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीलर का आबंटन में भारी कौटती होने से डीलर राशन उठाव करने एवं वितरण करने में असमर्थ है। जिसके कारण निर्णय लिया गया कि तमाड़ विधायक महोदय विकाश कुमार मुंडा, तमाड़ प्रमुख अजय सिंह मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी,आपूर्ति पदाधिकारी तमाड़ को सूचित करने ,संगठन को मजबूत करने एवं संगठन का साथ देने का बात कहा गया।क्योंकि संगठन में रहने से आज डीलर का बकाया राशि मिल रहा है। जिससे रांची जिला फेयर प्राइस सॉफ को धन्यवाद दिया गया। मौके में उपस्थित तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार अहीर,प्रखंड सचिव मशकूर अंसारी,मीडिया प्रभारी संतोष कुमार मुंडा,प्रखंड मंत्री राजेश उरांव,ब्रजेश प्रसाद, सत्यनारायण गुप्ता,शिवशंकर सेठ, विश्राम सेठ,रेखा देवी,पूजा महतो, सोमबारी देवी, लिली देवी, अघनी देवी,सत्यवती देवी, गिरिबाला देवी,जगबंधु सिंह मुंडा, बलराम मुंडा, निशिकांत महतो, हराधन लोहारा, शक्ति पद महतो, देवशरण सिंह मुंडा, कृष्णलाल सिंह मुंडा, रामायोध्या पातर,फलींद्र सेठ, रूपसिंह योगी, कृष्णालाल महतो, सुखलाल मुंडा, अंचु सिंह,सुबानी कंदीर सभी डीलर बारी बारी विचार विमर्श सुझाव दिया।

# ग्रामीणों की समस्या से हुए अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** युवा कांग्रेस की टीम ने जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में हुटार के हुरुलुगं और तेरम ग्राम में दोनों गांव के ग्रामीणों से बैठक की और बातचीत के क्रम में गांव वालों ने बताया कि तेरम स्टोन माइन जो कि गांव में ही है उसके कारणवश फसले बर्बाद हो रही है और धुएं के कारण गांव की वायु भी प्रदूषित हो रही है जिससे ग्रामीणों और बच्चों को काफी तकलीफ हो रही है। इन सारी बातों को सुनकर अरुण संगा ने आश्वासन दिया कि जल्दी खूंटी उपायुक्त से बातचीत कर तेरम स्टोन माइंस को बंद कराने की बात की जाएगी और अगर जिला प्रशासन इस पर जल्दी कोई कार्रवाई नहीं करती है तो युवा कांग्रेस की टीम गांव वालों के समर्थन पर आंदोलन करेंगे। मौके में खूंटी जिला उपाध्यक्ष वहा मुंडा ,खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, दशरथ, मुरी पंचायत मुखिया भदवा उरांव, ग्राम प्रधान दयाशंकर, बजरंग, आदि दर्जनों ग्रामीणजन मौजूद थे।

# कमलेश राम मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

**ओरमांझी :** भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत अभियान संगठन द्वारा दिनांक 19 और 20 अगस्त को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण केंद्र, नरीमन पॉइंट, चर्चगेट में ÷इंटरनेशनल इंटेलेक्चुअल मीट 2023÷ का आयोजन किया है जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा के युवा नेता कमलेश राम शामिल होंगे। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक प्रेम कुमार ने कमलेश राम को पत्र लिखकर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया है। पूर्व में भी कमलेश राम इस तरह के अंतराष्ट्रीय आयोजनों का हिस्सा रहे हैं और उन्हें राष्ट्रीय जनजातीय गौरव सम्मान 2022 एवं राष्ट्रीय प्रेरणा अवार्ड 2022 से भी सम्मानित किया गया है यह झारखंड के लिए भी काफी गर्व की बात है कि यहां के युवा राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। बता दें कि इस संगठन का अंतिम कार्यक्रम 25 जून 2023 को नई दिल्ली में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित किया गया था जहां डेनमार्क के राजदूत महामहिम फ्रेडी स्वेन उस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में भारत के की राजनीतिज्ञ ,प्रमुख हस्तियां, विदेशी गणमान्य व्यक्ति, प्रमुख व्यवसायी,टीवी और सिनेमा की कई प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। यह कार्यक्रम दो दिनों के लिए आयोजित किया जा रहा है जहां विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी।

**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**

**Regd. Off:** 3rd floor, JIADA Building, Namkum Industrial Area, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010

E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in

**Letter No. 518 Dated-16.08.2023 Notice Inviting Tender**

**NIT No:-JIADA/ 09 /2023-24**

The JIADA, Ranchi invites technical and financial proposals for **'Selection of Chartered Accountant Firm in Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)'**. The important dates and information are mentioned below:

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Publishing of RFP/Tender on website | Aug 18, 2023 |
| 2 | Period of downloading and submission of tender | Start date: 18th Aug,2023 to End date 11th Sept.,2023 3:00 PM |
| 3 | Last date for receiving queries | 25th Aug 2023, 5:00 PM |
| 4 | Response to queries | 1st Sept., 2023, 5:00 PM |
| 5 | Technical proposal opening | 13th Sept., 2023 3.30 PM |
| 6 | Presentation on approach & methodology | 15th Sept., 2023 at 3:00 PM |
| 7 | Financial Bid Opening | To be notified |
| 8 | Cost of Tender | INR 5,000/- + 900/- (GST) = 5900/- in Form of Demand Draft in favour of JIADA, Payable at Ranchi (to be submitted physically latest by 1.00 PM 13th Sept. 2023) |
| 9 | Earnest Money Deposit(EMD) | INR 1,00,000/-(Rupees one lakh only) in form of Demand Draft in favour of JIADA, Payable at Ranchi OR Bank Guarantee Pledge in favour of Managing Director, JIADA Payable at Ranchi (to be submitted physically latest by 1.00 PM on 13th Sept. 2023) |
| 10 | Website for downloading Tender Document | https://www.jiada.co.in https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 11 | Mode of submission of Tender | Online through https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 12 | Name and Address of Office inviting Tender | Secretary, JIADA, 3rd floor, JIADA Bhawan, Namkum, Lowadih, Ranchi, Jharkhand-834010 Mobile:+919431386208 Website:www.jiada.co.in Email:mdjiada@gmail.com |

**Note:**
- JIADA reserves the right to change any schedule of bidding process. Please visit JIADA website mentioned in document regularly for any update regarding the same.
- JIADA reserves the right to terminate the bid process at any time without assigning any reason.
- Proposals must be received not later than time, and date as mentioned above. Proposals that are received after the last date and time will not be entertained.

**(By the order of MD, JIADA)**
Sd/-
**Secretary- JIADA**

PR 304778 RIADA(23-24)D

# बाइक से गिरी महिला, हुई मौत

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की दोपहर 12 बजे बगड़ो-काराखुट सड़क में बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रेशमी देवी उम्र 60 वर्ष पति मदन साव, डोमचांच के महथाडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर जयनगर जा रही थी। इस बाबत मृतका के पुत्र ने सदर अस्पताल में बताया बाइक पर सवार उनकी मां को चक्कर आने के बाद वह अनियंत्रित होकर बाइक से रोड पर गिर गई।


स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
संगीता सिन्हा
नोनगांव पंचायत
मुखिया, पत्थलगडा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
संदीप कुमार सुमन
बरवाडीह पंचायत
मुखिया पत्थलगडा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
मनीषा कुमारी
प्रमुख,
पत्थलगडा , चतरा

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
रजनी देवी वार्ड नं 7वार्ड सदस्य बारीसाखी गिद्धौर दीदी बगीया (Hi-Tech नर्सरी) रामजीवन कुमार साहू सहायक शिक्षक

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
पार्वती देवी
बारिसाखी पंचायत
रोजगार सेवक प्रखण्ड-गिद्धौर, चतरा।

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
संतूलाल किंसकु
पमुखिया टुंडी पंचायत

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
बीरेंद्र प्रसाद
राजकीयकृत मध्य विद्यालय उदयपुरा, लातेहार

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
तुलसीदास महतो
प्राचार्य आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
रंथु उरांव
झारखंड स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन, जिला सचिव लातेहार सह पड़हा संयोजक

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
मनोज कुमार यादव
समाजसेवी
पत्थलगडा, चतरा

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
संजीत कुमार
निदेशक
रूडसेट संस्थान सिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
राज बलम शर्मा
प्रधानाध्यापक व विवेक कुमार गुप्ता, सचिव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाजकुम, लातेहार

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
सरस्वती कोचिंग सेंटर
दलपतपुर एवं अंधारीबाग
संचालक- नागेंद्र कुमार यादव

स्वतंत्रता दिवस के 77वें वर्षगांठ के अवसर पर जिलेवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं।



निवेदक
सुरेश मोची
पंचायत सचिव
प्रखंड पिपरा

कार्यालय-पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
-सह-
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

स्वच्छ गढ़वा सुन्दर गढ़वा

जल-स्वच्छता संदेश 2023









5 अगस्त 2023 (स्वतंत्रता दिवस) के शुभ अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा-सह-जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा की ओर से सभी गढ़वा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

जल जीवन मिशन के तहत "हर घर नल से जल" योजना अन्तर्गत गढ़वा जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को FHTC (चालित नल) के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु गढ़वा जिला का कुल लक्ष्य 2,98,535 अदद है, जिसकी उपलब्धि वृहत एवं मिनी जलापूर्ति योजना से कुल 1,29,694 अदद पूर्ण है, शेष बचे 1,68,841 अदद FHTC को पूर्ण करने हेतु 21 अदद वृहत जलापूर्ति योजना निर्माणाधीन है, एवं 1642 अदद निर्माणाधीन एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा Cluster-SVS से 2574 योजना से वर्ष 2024 तक शत-प्रतिशत घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के तहत किये जा रहे कार्यों के उपलब्धि, समाज में व्यवहार परिवर्तन, पेयजल की गुणवता की जाँच, पेयजल को शुद्ध बनाये रखने हेतु उपाय ईत्यादि गतिविधियों को LED Van के माध्यम से सभी प्रखण्डों में रूट चार्ट के अनुसार विडियो एवं ऑडियो से प्रदर्शित किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के तहत गढ़वा जिला के सभी लक्षित ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) Phase-II के तहत शेष बचे IHHL का निर्माण किया जा रहा है, एवं पुनः छुटे हुए लाभुकों को IHHL निर्माण हेतु विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आवेदन करने हेतु प्रकाशित कर लाभुकों को Online हेतु https://sbm.gov.in/sbmphase2/homenew.aspx वेबसाईट के लिंक द्वारा आवेदन करने का प्रावधान किया गया है, तथा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत नाडेप एवं सोकपीट का निर्माण कार्य किया जा रहा है, एवं सामुदायिक स्तर पर गोबरधन योजना के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रियाधीन जल्द ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

अतः सभी गणमान्यजनों, पंचायत के जनप्रतिनिधि, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ईत्यादि से अनुरोध है, कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।

कार्यपालक अभियंता
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा।

पत्रांक : 639 गढ़वा दिनांकः- 12/08/ 23

## पीएसए ने धनबाद मेडिकल ऑफिसर को दिया ऑक्सीजन कंटेनर




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रोग्राम शोसल एक्शन (पी एस ए) द्वारा चीफ मेडिकल ऑफिसर धनबाद को ऑक्सीजन कंटेनर दान किया इस मौके पर चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन ने पी एस ए को धन्यवाद दिया और कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओ ने अपने मेहनत से कंटेनर को यहां तक पहुंचाया ये कबीले तारीफ करते हैं, संस्था और आगे लोगो की सेवा करते रहे यही मेरी शुभ कामनाएं है।

## झारखंड प्रदेश पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एआईसीसी कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्षता में एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं केसी वेणुगोपाल के उपस्थिति में झारखंड प्रदेश पॉलीटिकल अफेयर्स कमिटी की दूसरे दिन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ-साथ झारखंड में संगठन को धारदार,सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे,प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार के मंत्रीगण, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह एवं पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी के सभी नेतागण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की राजस्व विभाग की समीक्षा

## सरकारी योजनाओं के लिए जल्द से जल्द करें भूमि हस्तांतरण : उपायुक्त

*म्यूटेशन के लंबित मामलों एवं रिजेक्ट करने के कारणों की समीक्षा*

*लंबित मामलों को कम करने के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश।*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज राजस्व विभाग की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों से म्यूटेशन के लंबित मामलों, म्यूटेशन रिजेक्ट करने वाले कारणों, सरकारी योजनाओं में भूमि स्थानांतरण, रिवेन्यू कोर्ट, भूमि अधिग्रहण, जीएम लैंड में अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की।

उपायुक्त ने म्यूटेशन में आने वाली समस्या और मामलों के लंबित होने के कारणों एवं रिजेक्शन की बारिकी से समीक्षा की। उन्होंने जल्द से जल्द सभी लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश दिया। साथ ही धनबाद एवं गोविंदपुर प्रखंड में ज्यादा मामले लंबित होने पर संबंधित अंचलाधिकारी को विशेष ध्यान देने को कहा।

धनबाद, गोविंदपुर और बाघमारा अंचल के अंचल अधिकारियों ने बताया कि उनके यहां अमुक हल्का में अत्यधिक लोड होने तथा कर्मचारियों की कमी के कारण अधिक मामले लंबित रह जाते हैं। उपायुक्त ने नियम के अनुसार अपर समाहर्ता को आउटसोर्सिंग पर ऑपरेटर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया।

उपायुक्त वरुण रंजन ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की सर्वे कर एरिया को चिन्हित करने को निर्देशित किया। चिन्हित करने के बाद संबंधित अभिलेख खोल कार्रवाई करने को भी निर्देशित किया।

रिवेन्यू कोर्ट के मामलों पर उपायुक्त ने नियमित समीक्षा करने एवं चरणबद्ध तरीके से विवरण तैयार कर मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रेवेन्यू कोर्ट के मामले के निष्पादन में 6 महीने से अधिक समय नहीं लगना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकारी योजनाओं के लिए समय पर भूमि स्थानांतरण करने, लैंड एक्विजिशन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, सभी अंचल के अंचल अधिकारी, आईटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने आज डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल), नेशनल हाईवे, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड, जुडको सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी विभागों से परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, म्यूटेशन, मुआवजा, स्ट्रक्चर को हटाना सहित अन्य समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

बैठक में दौरान नगर आयुक्त ने धनबाद नगर निगम में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, ट्रांसपोर्ट नगर, इंटर स्टेट बस टर्मिनल, सभी वार्ड में अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। वहीं आरसीडी ने पुलिया के एप्रोच रोड बनाने, महुदा सिंदरी सड़क निर्माण तथा गोविंदपुर महुदा सड़क निर्माण में आने वाली समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने समस्या के समाधान के लिए विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

## इंपैक्ट स्टडीज कोचिंग सेंटर की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सद्दाम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इंपैक्ट स्टडीज कोचिंग सेंटर के संचालक चांद सर के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस को जोर शोर से मनाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य रूप से वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन उपस्थित रहे। सद्दाम हुसैन ने कहा कि आजादी का जश्न हम सब हिंदुस्तानी को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाना चाहिए और अपने वीर शहीदों को कभी भूलना नहीं चाहिए जिनके बदौलत आज हम सब हिंदुस्तानी आजाद हैं।

## दुकान से चोरी ग्रिल गेट के साथ चोर को पकड़ प्रशासन को सौंपा, दुकान मालिक ने प्रशासन को दिया आवेदन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत सियाटांड़ चौक स्थिति से बीते रात एक दुकान से ग्रिल गेट चोरी की मामला सामने आया वही अगले दिन ग्रामीणों ने चोर को गेट के साथ पकड़ लिया गया। चोरी के ग्रील गेट को बेचने जा रहे युवक को ग्रामीणों ने खदेड़ कर धर दबोचा और नवडीहा पुलिस के हवाले कर कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। यह मामला नवडीहा ओपी के सियाटांड चौक से जुड़ा हुआ है। इस सिलसिले में ग्रील गेट दूकानदार अरूण कुमार ने आरोपी युवक के विरूद्ध नवडीहा थाना में आवेदन दिया है। थाना में दिए गए आवेदन में दूकानदार ने उल्लेख किया है, कि वह बुधवार की रात ग्रील दूकान बंद कर अपना घर खाना खाने चला गया था । रात्रि के लगभग साढे आठ बजे मौके का फायदा उठाकर सियाटांड बेको के अमित कुमार वर्मा द्वारा दूकान में रखे 6500 नगदी और ग्रील गेट चोरी कर लिया। सुबह में यानी कि गुरूवार की सुबह उक्त युवक द्वारा पारडीह मोड के बगल कदमपुर मे संचालित एक ग्रील दूकान में चोरी का ग्रील गेट बिक्री करने जा रहा था इसी बिच खेत में काम कर रहे लोगों को उसपर नजर पड गई, और खदेड़ कर युवक को चोरी के ग्रील गेट के साथ पकड़ लिया। लोगों ने उसके साथ मार पीट भी किया। सूचना मिलने पर नवडीहा पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। हालांकि इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच मामले की सुलह के लिए प्रयास किया गया। बात नही बनने पर आरोपी युवक के विरूद्ध थाना में आवेदन दे दिया गया है।

## राजनांदगांव स्टेशन व रायगढ़ स्टेशन पर हैदराबाद रक्सौल एक्सप्रेस का होगा ठहराव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हैदराबाद और रक्सौल के मध्य चलने वाली वाली गाड़ी संख्या 17005/17006 हैदराबाद-रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस का नागपुर मंडल के राजनांदगांव स्टेषन पर एवं बिलासपुर मंडल के रायगढ़ स्टेषन पर 02 मिनट का प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ।

दिनांक 18.08.2023 से वाली गाड़ी संख्या 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 11.12 बजे राजनांदगांव पहुंचकर वहां से 11.14 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं दिनांक 21.08.2023 से गाड़ी सं. 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस 07.56 बजे राजनांदगांव पहुंचकर वहां से 07.58 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

इसी तरह दिनांक 18.08.2023 से गाड़ी संख्या 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 16.21 बजे रायगढ़ पहुंचकर वहां से 16.23 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी तथा दिनांक 21.08.2023 से गाड़ी सं. 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस 02.49 बजे रायगढ़ पहुंचकर वहां से 02.51 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

## डुमरी उपचुनाव : जेएमएम से बेबी व आजसू से यशोदा सहित पांच ने किया नोमिनेशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अनुमंडल कार्यालय, डुमरी में अंतिम दिन नाम निर्देशन प्रपत्रों की बिक्री की गई। इस दौरान निर्धारित समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से लेकर 03:00 बजे अपराह्न तक निर्देशन प्रपत्र की बिक्री शून्य रही। जबकि पूर्व के निर्धारित तिथियों में कुल 08(आठ) नाम निर्देशन प्रपत्रों की बिक्री की गई। इसके अलावा नाम निर्देशन प्रपत्रों को दाखिल करने हेतु निर्धारित तिथि में से आज अंतिम तिथि में समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक कुल 05 (पांच) अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल किया गया।

नाम निर्देशन प्रपत्रों को दाखिल करने वाले 05 (पांच) अभ्यर्थियों के नाम है : नोमिनेशन के दौरान आजसु के यशोदा देवी

02 सेट में जे0एम0एम0 पार्टी से बेबी देवी, पतिः जगरनाथ महतो, ग्रामः अलारगो, पोस्टः भण्डारीदह, थानाः चन्द्रपुरा, जिलाः बोकारो।

04 सेट में आजसू पार्टी से यशोदा देवी, पतिः दामोदर प्रसाद महतो, ग्रामः तुईयो, पोस्टः इसरी बाजार, जिलाः गिरिडीह।

01 सेट में निर्दलीय से रोशनलाल तुरी, पिताः जीवलाल तुरी, ग्रामः कंजकिरो, पोस्टः कंजकिरो, थानाः पेंक नारायणपुर, जिलाः बोकारो।

01 सेट में झारखण्ड पीपुल्स पार्टी से बैजनाथ महतो, पिताः रामेश्वर महतो, ग्रामः डुमरी, पोस्टः डुमरी, जिलाः गिरिडीह।

01 सेट में निर्दलीय से लैलुन निशा, पतिः अब्दुल मोबीन, ग्रामः हसैन नगर, पोस्टः इसरी बाजार, जिलाः गिरिडीह। अंततः नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि तक कुल 08(आठ) उम्मीदवारों के द्वारा अपना नामांकन पर्चा भरा गया।

### झारखंड मैदान में 19 अगस्त से दो दिवसीय दिवारात्रि नॉकआउट आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट

## प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 अगस्त सुबह 10 बजे तक : तारक नाथ दास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में 19 अगस्त 2023 से झारखण्ड मैदान में दो दिवसीय दिवारात्रि विकाश रंजन उर्फ पप्पु सिंह नॉक आउट आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट होने जा रहा है। यह जानकारी आज सामुदायिक भवन, झारखंड मैदान, हीरापुर में आयाजित संवाददाता सम्मेलन में आयोजन सचिव विकास साव एवं विकाश रंजन उर्फ पप्पु सिंह ने दी। विकास साव ने बताया की दो दिवसीय दिवारात्रि टुनामेंट में कुल 32 क्लबों ने खेलने हेतु इन्ट्री कराई है। तारक नाथ दास ने बताया इस तरह के आयोजनों से फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 अगस्त सुबह 10 बजे तक है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी करेंगे। उनके साथ प्रदीप कुमार, उप-समाहर्ता, प्रशांत लायक,अंचल अधिकारी, धनबाद एवं दिलीप कुमार जिला खेल पदाधिकारी होंगे। 20 अगस्त को शाम 7:00 बजे फाइनल मुकाबला एवं टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि ढ्लु महतो विधायक बाघमारा पूर्व मेयर चन्द्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य एन.एन. श्रीवास्तव, डी.ए.वी. स्कूल कोयला नगर, पुर्व पार्षद अंकेश राज, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महासचिव रुपेश सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

## धनबाद विधायक राज सिन्हा नें किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से धनबाद जिला अंतर्गत मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर प्रखंड धनबाद का चाहरदीवारी निर्माण कार्य लम्बाई 62.95 मीटर का शिलान्यास धनबाद विधायक राज सिन्हा नें किया। मौके पर निर्मल प्रधान, उमेश सिंह, राजा राम दत्ता, अखिलेश झा, आला पाल, अभिषेक श्रीवास्तव, मनोज मालाकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जामिया व दावत-ए-इस्लामी के मदरसा के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हर साल की तरह इस साल भी दावत-ए-इस्लामी-हिंद ने देश भर के लगभग 1700 शैक्षणिक संस्थानों में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस का ÷अमृत महोत्सव÷ बड़े धूमधाम से मनाया। कल्याण विभाग (जीएनआरएफ) ने गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित किए। प्रशासन की अनुमति से मरीजों, बीमारों और जेलों में बंद कैदियों को फल वितरित किए गए। एक बड़ी तिरंगा रैली भी निकाली गई, जो बाईपास रोड से शुरू हुई और आरा मोड़ नूरी मस्जिद पहुंची। समापन कार्यक्रम बाईपास रोड स्थित फैज़ान मदीना में आयोजित किया गया। अंत में दावत-ए-इस्लामी के नेताओं ने वैश्विक शांति और भारत के विकास के लिए दुआ की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे कारी अहमद रजा, कारी अरशद, कारी तस्लीम, अफजल खान, गुलाम मोहम्मद कादरी आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की श्रद्धा के साथ मनी 74वीं पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहीद मनींद्र नाथ मंडल मेमोरियल सोशल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को शहीद स्मारक सरायढेला में शहीद मनींद्र नाथ मंडल की 74वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम शहीद मनींद्र नाथ मंडल की धर्मपत्नी रेखा मंडल ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। समिति के सदस्यों,कई सामाजिक, राजनैतिक आदि संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। शहीद मनींद्र नाथ मंडल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने कहा कि आज शहीद मनींद्र नाथ मंडल हमारे बीच नही हैं परन्तु उनके द्वारा किए गये कार्य, उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ी दर पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालों में पुर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, पुर्व पार्षद जैक, कंसारी मंडल (पुर्व जिला अध्यक्ष झामुमो) झामुमो जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, सचिव मन्नु आलम, लखन प्रमाणिक, सुखलाल मरांडी, लक्ष्मी मुर्मू सामाजिक संगठन में शंकर प्रसाद सिंह, बेंगु ठाकुर, खेदन महतो, श्रीकांत मंडल, सुनील मंडल, तारु मंडल, मागा प्रसाद महतो, लाली महतो, लक्ष्मीकान्त मंडल, विद्यापति दास, रीना मंडल, हिरेन मंडल, पुर्व पार्षद गणपत महतो, प्रदीप मंडल, संतोष मंडल, सुधीर दास, तपन मंडल, मनी मंडल, मनीष साव राजेश साव षस्टी मंडल, प्रताप मल्लिक,दिनेश मंडल फटीक मंडल, प्रफुल्ल मंडल, शैलेन, नारायण चन्द्र मंडल, राहुल मंडल, दिनेश सर्कल, गौर मंडल, इंद्रजीत मंडल, सोनु मंडल, जीतेन मंडल, प्रकाश, मिठु , विश्वजीत, सुसोबन सरकार, कल्याण भट्टाचार्य, आर.एन. राय धनंजय मंडल प्रेम मंडल, शंकर, अमिताभ, युद्धेश्वर सिंह, डोरा, अमृत, शिशिर, अंकुर,मदन महतो,पुर्व पार्षद, सुर्य कांत सोरेन, पैगाम अली इसके अलावा सैकडों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

## टुंडी : भाजपा की संकल्प यात्रा 27 को, तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र




**टुंडी :** आगामी 27 अगस्त को झारखंड सरकार के अराजक स्थिति और केंद्र सरकार के सेवा सुशाशन और गरीब कल्याण जैसे विषयों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा के दूसरे चरण में टुंडी उच्च विद्यालय के मैदान में ऐतिहासिक सभा होगी।सभा को सफल बनाने को लेकर टुंडी विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक बैठक टुंडी उच्च विद्यालय के प्रांगण में जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस बैठक में मुख्य रूप से दूसरे चरण यात्रा के संयोजक सह प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा जी उपस्थित हुए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिनेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री फिरोज दत्ता ने किया।बैठक के उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि आज की टुंडी विधानसभा की बैठक की उपस्थिति एवं बाबूलाल जी के संकल्प यात्रा को लेकर नेताओं के उत्साह को देखने से यह प्रतीत होता है कि टुंडी की सभा ऐतिहासिक होगी।पत्रकारों के सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि ये कोई चुनावी कार्यक्रम नही है।पिछले चुनाव परिणाम के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी इस प्रकार के काम करते आ रही है और ये कार्यक्रम उसी की एक कड़ी है। शर्मा ने कहा कि यह यात्रा हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ, आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ, राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था के खिलाफ हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने को लेकर राजयबक मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के भगनाडीह सिधु कान्हू, चांद भैरव झनो फूलो के शहीद स्थल से आज प्रारंभ हो रही है जो 27 अगस्त को टुंडी पहुँचेगी।

## अल इकरा कॉम्पिटिटिव सेंटर के विद्यार्थियों को केजीएन फाउंडेशन ने किया पुरस्कृत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** केंदुआ स्थित ख्वाजा गरीब नवाज़ फाऊंडेशन द्वारा संचालित अल इकरा कॉम्पिटिटिव सेंटर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था के संस्थापक हाजी गुलाम खवाजा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात कई कार्यक्रम भी आयोजित हुए जहां अल इकरा कॉम्पिटिटिव सेंटर के सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सचिव आबिद रज़ा फैजी ने बताया की विद्यार्थियों को बहुत ही कम खर्च मे प्रतियोगिता परीक्षाओं की तय्यारी कराना ही अल इकरा कॉम्पिटिटिव सेंटर का मुख्य उद्देश्य है तथा जिन विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति दयनीय है, उन्हें मुफ्त शिक्षा देने की भी सुविधा उपलब्ध है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी गुलाम खवाजा ने की तथा संचालन आबिद रज़ा फैजी और मुमताज आलम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे जमील अहमद, मनौवर अंसारी, जावेद अंसारी, शमशाद अंसारी, कलाम अंसारी, मंजर अली, असगर अली, सनाउल, राजन कुरैशी, बदरुद्दीन अंसारी, वकार सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## कैरो के कल्याण कुमार जयपुर में वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड में हुये शामिल, मिला अवार्ड

# इन्टरनेशनल बुक ऑफ अवार्ड शो जितने का कल्याण ने बनाया रिकार्ड, भारत सरकार से भी मिले हैं दो अवार्ड




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के उतका गांव निवासी पोस्टमास्टर जगदीश प्रसाद यादव व सुनीता देवी के पुत्र कल्याण कुमार वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में हुए शामिल जयपुर में मिला अवार्ड। सबसे कम उम्र में कल्याण कुमार ने दो इंटरनेशनल बुक ऑफ अवार्ड शो जीतने का बनाया रिकॉर्ड। कल्याण ने ऑस्ट्रेलिया में इसी वर्ष 2023 में जीता था बेस्ट राईटर ऑफ द ईयर अवार्ड। न्यूयार्क में उपविजेता रहे थे। कल्याण कुमार को भारत सरकार की ओर से मिले हैं दो अवॉर्ड्स। कल्याण महज 18 वर्ष की आयु में अबतक कुल 12 किताबें लिख चुकें हैं। जिसमे 8 किताबों के रिकॉर्ड दर्ज की जा चुका है। साहित्य के क्षेत्र में भारत के अलावे विदेशों में भी जिले का नाम रौशन किया है। कल्याण द्वारा लिखी गई अंग्रेजी भाषा की पुस्तक पॉवर्टी इन इंडिया का पब्लिकेशन न्यूयार्क में हुआ। इसके अलावे उन्होंने मैजिक ऑफ वड्स, मेरी मंजिल,दी जर्नी टू फ्रीडम, दी आर्ट ऑफ पोएट्री, दी असेंड फीलिंग्स, एक हसीन सफर, दी रीयूनियन,फ्रेम ऑफ इमेजिनेशन व बिग एंड बेटर नामक पुस्तक लिखी गई है। बिग एंड बेटर पुस्तक बेस्ट बुक ऑफ द ईयर का अवार्ड के लिए आस्ट्रेलिया में नॉमिमेट किया गया था जिसमे दूसरे स्थान पर रहे थे। कल्याण को भारत सरकार की ओर से शानदार प्रदर्शन के लिए साहित्य के सबसे बड़े रबिन्द्रनाथ टैगोर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अलावे कल्याण को और भी कई पुरस्कार व अवार्ड मिल चुके हैं। कल्याण द्वारा लिखी गई पुस्तक हिमाचल प्रदेश के संत फ्रांसिसी स्कूल के सिलेबस में शामिल किया जा चुका है। कल्याण बताते हैं कि इन सभी अवार्ड का श्रेय अपने माता-पिता के साथ अपने करीबी दोस्तो को देते हैं। कल्याण बताते हैं कि जब पूरा देश कोरोना जैसे महामारी के दौर से जूझ रहा था स्कूल कॉलेज एवं सभी सार्वजनिक संस्थाने बन्द थी। तब कल्याण ने लॉकडाउन जैसी परिस्थिति में घर के अंदर समय बिताना काफी मुश्किल था। मन ही मन सोचा अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने का सही समय आ गया। और लगभग 6 महीने की मेहनत रंग लाई। और अब कल्याण को पुस्तक लिखना मानो उसकी सबसे ज्यादा पसंदीदा शौक हो गया है।

# एमबी डीएवी विद्यालय में 77 वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में देश के 77 में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पर्व15 अगस्त का दिन हर भारतीय नागरिक के जीवन में विशेष महत्व रखता है। इस दिन हम ना केवल अपनी स्वतंत्रता की खुशी को व्यक्त करते हैं अपितु हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए अपने हृदय में देशभक्ति की भावना को प्रगाढ़ करते हैं। एमबी डीएवी विद्यालय प्रांगण में देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास, देशभक्ति व जन समुदाय के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शैलेश कुमार तथा विशेष अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद भटनागर जी व एल एम सी सदस्य श्री चंद्रशेखर भगत जी बने। मुख्य अतिथि डॉ. शैलेश कुमार द्वारा झंडोत्तोलन राष्ट्रगान के साथ किया गया।कार्यक्रम में मंच संचालन का



कार्य शिक्षक पीके सिन्हा के साथ - साथ 12वीं की छात्रा अदिति आर्या व साक्षी कुमारी द्वारा किया गया। माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने मुख्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों को देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी और इन 77 वर्षो में हमारे देश के होनहार नागरिकों ने जिस तीव्र गति से विकास के हर क्षेत्र को स्पर्श करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है उसके लिए गर्व का अनुभव कराते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व देशभक्ति के साथ आगे बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक द्वारा स्वनिर्मित स्वागत गान का विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतीकरण करवाया गया। रंगारंग कार्यक्रम में गणेश वंदना,भारत के समस्त राज्यों की झांकी प्रस्तुत करता हुआ नन्हे बच्चों द्वारा नृत्य तथा सामूहिक नागपुरी नृत्य शिक्षिका आरती कुमारी रीना रितिका व रजनी प्रसाद द्वारा करवाया गया। छात्रा आदि वैष्णवी द्वारा एकल नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। कारगिल युद्ध पर आधारित हृदय विदारक नाटक शिक्षक शितेश कुमार पाठक के सहयोग से सिद्धार्थ व ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आकृति पंकज ने अपने ओजस्वी भाषण से श्रोताओं में देशभक्ति की भावना को प्रगाढ़ कर दिया। गत शैक्षिक सत्र में कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राप्त सफलताओं हेतु उन्हें सील्ड व सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं में 99प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली स्मृति सिंह व जेईई मुख्य परीक्षा में राज्य में सर्वोत्तम अंक अर्जित करने वाले आयुष कुमार सिंह को विशेष ट्रॉफी व सम्मान प्रदान किया गया।

# डॉ. ए. पी. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट का आज होगा आगाज

## जीतने वाले टीम को मिलेंगे लाखों के इनाम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** आज दिनाँक 18/08/2023 दिन शुक्रवार को डॉ. ए. पी. अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट समिति द्वारा इस वर्ष के सबसे बड़े फुटबॉल के महामुक़ाबले का आग़ाज़ किया जाएगा। यह मुकाबला 18/08/2023 से 03/09/2023 तक चलेगा। बताते चलें कि फुटबॉल के इस महामुक़ाबले में फ़ाइनल मैच के विजेता टीम को एक लाख एक हज़ार रुपय और उपविजेता को इक्यावन हज़ार रुपए नक़द का इनाम मिलेगा। इस महामुक़ाबले में खेल की शुरुआत जमुनानाकी कुवारमुंडा उड़ीसा और कोलेबिरा एफ़. सी. झारखण्ड के बीच शाम 3 बजे से की जायेगी। आज के इस फुटबॉल के महाकुंभ का उद्घाटन कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, समिति के संरक्षक एवम् ठेठईटाँगर मुखिया के करकमलों द्वारा किया जायेगा। इस महामुक़ाबले के आयोजन समिति में अध्यक्ष मो. क़यूम , उपाध्यक्ष पिंटू कुमार, उपाध्यक्ष मो. अश्फ़ाक , उपाध्यक्ष पावल मुंडू , सचिव अरशद अफ़रीदी, उपसचिव वेद प्रकाश (राजू), उपसचिव मो. हाशिम एवम् कोषाध्यक्ष मो. साजिद आलम और समिति के सभी सदस्यों द्वारा देखरेख किया जाएगा । बताते चलें अंपायर का निर्णय अंतिम निर्णय होगा एवम् समिति का फ़ैसला सभी टीमों के लिये मान्य होगा।

# डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी भारी मतों से चुनाव जीतेगी : नीरू शांति भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के डुमरी विधानसभा मैं हो रहे उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल झारखंड आंदोलनकारी लोहरदगा के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि झारखंड सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन के बाद हो रहे डुमरी विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी निश्चित रूप से भारी मतों से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि यशोदा देवी आजसू पार्टी की कर्मठ एवं काफी सुलझी हुई महिला नेत्री हैं और पार्टी को पूरा विश्वास है कि डूमरी विधानसभा का उपचुनाव परिणाम निश्चित रूप से एनडीए की झोली में जाएगा। नीरू शांति भगत ने कहा



कि नामांकन कार्यक्रम में उपस्थित एनडीए कार्यकर्ताओं की भीड़ और उत्साह को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि डुमरी उपचुनाव के बाद 2024 में होने वाला झारखंड विधान सभा के आम चुनाव में भी एनडीए 60 सीट से ऊपर जीत दर्ज करेगी और भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। नीरू शांति भगत के साथ लोहरदगा से केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ की प्रवक्ता अंजू देवी औरआजसू पार्टी की लोहरदगा जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू भी नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुई।

## पशु तस्करी के विरुद्ध कारवाई के दौरान पुलिस ने स्कार्पियो सहित चार मवेशी किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पशु तस्करी के विरुद्ध सेन्हा थाना पुलिस कारवाई के दौरान स्कार्पियो सहित चार पशुओं को जोगना मोड़ के समीप से किया जब्त। सेन्हा थाना क्षेत्र का जोगना मोड़ के समीप से चार पशु के साथ एक स्कार्पियो वाहन को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा जप्त कर कारवाई किया गया। पशु तस्कर गाड़ी में तिरंगा झंडा बांध कर देश के नियम को उलंघन करने में कोई कसर नही छोड़ा वही बताया जाता है। कि स्कार्पियो जे एच 05 एल 9988 में चार मवेशी को लोड कर लोहरदगा की ओर ले जाया जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में गस्ती के दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि स्कार्पियो में पशु तस्करी किया जा रहा है। इसी दरमियान जोगना मोड़ के समीप वाहन रोक कर पूछ ताछ देर रात पुलिस द्वारा किया जा रहा था तभी स्कार्पियो चालक एवं पशु तस्कर पुलिस को देख दूर में गाड़ी खड़ा कर भाग निकला तभी सर्च किया गया तो गाड़ी के अंदर चार मवेशी को बुरी तरह बांध कर लोड पाया गया। वही बताते हुए उन्होंने कहा जब्त वाहन मालिक, चालक एवं पशु तस्कर के विरुद्ध पशु कुरुरता अधिनियम के तहत कारवाई किया जाएगा।

## आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य राजू गुप्ता केन्द्रीय गृहमंत्री को लिखा पत्र



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड के लोहरदगा जिला में एससीए मद से संवेदकों के द्वारा निविदा द्वारा कराये गये योजनाओं की बकाये राशि भुगतान के संबंध में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने मंत्री अमित शाह,केन्द्रीय गृहमंत्री (भारत सरकार) को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि लोहरदगा जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में केन्द्र प्रयोजित एससीए मद से संवेदकों के द्वारा निविदा के माध्यम से योजनाओं का कार्य किया गया है। परन्तु एससीए मद की राशि नहीं रहने के कारण लोहरदगा जिला में संवेदकों को कराये गये योजनाओं का भुगतान मार्च 2023 से नहीं हो रहा है। जिसके कारण संवेदक कर्ज लेकर और दुकानदारों से उधार समान लेकर योजनाओं के कार्य में लगाये हैं। उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह से अनुरोध किया है कि लोहरदगा उग्रवाद प्रभावित जिले में एससीए मद की राशि उपलब्ध कराते हुए संवेदकों को बकाये राशि का भुगतान करने की आदेश निर्गत किया जाय। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रधानमंत्री,भारत सरकार को भी प्रतिलिपि भेजा है।

## स्वतंत्रता दिवस पर कैरो प्रखंड क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो में लहराया तिरंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत 15 अगस्त मंगलवार को प्रखंड के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो फहराया गया तिरंगा झंडा व गाया गया राष्ट्रगान। इस अवसर पर कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव,विद्युत उप-शक्ति केंद्र मे उप-प्रमुख मधुलिका रानी,थाना परिसर मे शंखनाथ उराँव, डा0 अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय मे प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, उप स्वाथ्य केंद्र मे डा0 राकेश कुमार,कैरो पंचायत भवन मे मुखिया वीरेन्द्र महली,पंडित दीनदयाल भवन मे भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, स्व0 शिव प्रसाद साहू स्मृति भवन मे प्रखंड 20 सुत्रि अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान, सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर मे सुरेन्द्र साहू,हाजी सखावत चौक मे 20 सुत्रि प्रखंड सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, राजकीय मध्य विद्यालय मे प्रधानाचार्य अम्रेन्द्र कुमार इत्यादि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो मे तिरंगा झंडा प्रमुख लोगो के द्वारा फहराया गया। वही विभिन्न संस्थानो मे आजादी के अमृत महोत्सव पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। मौके पर इस अवसर पर अंचल अधिकारी कमलेश उराँव, प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारी, कर्मचारि, समाज सेवी व प्रबुद्धजन उपरोक्त समारोह पर उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक आज गुरूवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम मनरेगा 2023-24 अंतर्गत मानव दिवस सृजन,दीदी बाड़ी योजना,वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की गई। बिरसा हरित ग्राम योजना के द्वितीय चरण अंतर्गत सभी प्रखण्डों में योजना में गड्ढा खुदाई का कार्य तीन दिनों के अंदर सभी प्रखण्डों में सौ प्रतिशत पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। दीदी बाड़ी योजना में जिन प्रखण्डों ने लक्ष्य हासिल नहीं किया है उन्हें पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो-हो खेल विकास योजना अंतर्गत फेज-दो में लक्ष्य व उसके विरूद्ध उपलब्धि की समीक्षा की गई।नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना अंतर्गत योजना में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। जिला के अमृत सरोवर के किनारे किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का लाभ दिलाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई किये जाने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को लोहरदगा बाईपास में भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले में आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया।

# कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली की समीक्षा बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के दिए गए निर्देशानुसार आज लोहरदगा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल के अध्यक्षता में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली यानी एलएडीसीएस की प्रथम मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेंद्र बहादुर पाल ने एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वह पूरी तन्मयता के साथ बचाव पक्ष के वकील के रूप में कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखें एवं किसी भी तरह समस्या होने पर सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकार या उनसे संपर्क करें। आज के बैठक में एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू,उमेश कुमार एवं एलएडीसीएस के सहायक इंद्राणी कुजुर,भूपेंद्र कुमार एवं सुदामा साहू उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि दिनांक 05 अप्रैल 2023 से लोहरदगा जिले में कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली यानी एलएडीसीएस काम करना शुरू किया है और अभी तक कुल 90 क्रिमिनल केस विभिन्न न्यायालयों के समक्ष के एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं द्वारा लड़े जा रहे हैं।

## जमीन विवाद में हुए मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चितरी अम्बाटोली से जमीन विवाद में मारपीट का आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। लोहरदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अम्बाटोली निवासी रोपना उराँव का पुत्र मुन्ना उराँव द्वारा जमीन विवाद में स्व जहुरण उराँव का पुत्र डालो उराँव को जमीन विवाद में टांगी से मार कर घायल कर दिया गया था। जिसे सेन्हा थाना कांड संख्या 106/23 दर्ज कर धारा 341, 323, 326 के अन्तर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।वही थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मुन्ना उराँव द्वारा डालो उराँव को टांगी से मारकर घायल कर दिया गया है। उसी आलोक में मुन्ना उराँव को टांगी के साथ गिरफ्तार कर मेडिकल जाँच करते हुए जेल भेजा गया।

# भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में दर्शकों का उमड़ा जनसैलाब

- झारखंड पार्टी अगर फिर से जगह पर आती है तो इस मैदान को पहली प्राथमिकता में स्टेडियम का निर्माण कराएंगे : एनोस एक्का
- तोरपा विधानसभा से एक बार पुनः झारखंड पार्टी के विधायक आपकी सेवा में समर्पित रहेगें : अशोक भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बानो :** भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट मे दर्शको का उमड़ा जनसैलाब मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री, झारखन्ड सरकार सह झारखंड पार्टी के केंद्रिय अध्यक्ष एनोस एक्का तोरपा विधानसभा के पूर्व विद्यायक पौलुस सुरीन पूर्व राज्य मंत्री सह झारखंड पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग बानो जिला परिषद सदस्य बेरजो कांडूलना प्रखण्ड विकाश पदाधिकरी प्रखंड प्रमुख के साथ कई लोग मंचासिन थे। भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के महाकुंभ के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री शह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का तोरपा विधानसभा के पूर्व विधायक पौलूस सुरीन पूर्व राज्य मंत्री शह झारखंड पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव अशोक भगत सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन जिला परिषद सदस्य बानो वरजो कंट्रोलर प्रखंड प्रमुख उपस्थित हुए भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति के द्वारा मुख्य



अतिथि का पारंपरिक नृत्य और नगाड़ों के थाप पर स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया सभी झारखंड पार्टी जिंदाबाद एनोस एक्का जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मंच तक ले गए मंच पर भव्य स्वागत किया गया सर्वप्रथम माला और बैच पहना कर गुलदस्ते के साथ उनका स्वागत किया गया साथ ही साथ जितने भी विशिष्ट अतिथि थे उन सभी का समिति के द्वारा स्वागत किया गया फाइनल मैच के प्रारंभ में आयोजन समिति के अनुरोध पर दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में प्रधान महासचिव झारखंड पार्टी के अशोक भगत ने कहा कि जिस प्रकार आप सब इस खेल आयोजन को सफल बनाने में एकत्रित होकर सफल बना रहे हैं आप एक बार फिर से झारखंड पार्टी को इस विधानसभा में मौका दें आपके क्षेत्र की जनता का उसी प्रकार विकास होगा जिस प्रकार पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा पूर्व में किया जाता रहा है तोरपा विधानसभा झारखंड पार्टी के गढ़ रही हैं यहां की जनता ने झारखंड पार्टी को विधायक दिया हैं क्षेत्र की जनता के लिए केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड पार्टी के एनोस एक्का के नेतृत्व में हम क्षेत्र की जनता का हर सपनों का पूरा करने का प्रयास करेंगे झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा कि आप जिस प्रकार जाति धर्म से ऊपर उठकर इस प्रकार के आयोजन में अपने एकजुटता का परिचय देते हैं और इतने बड़े आयोजन को सफल बना सकते हैं तो आप सभी से अपील है इसी प्रकार राजनीतिक सामाजिक और धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर एक बार एकजुटता का परिचय दें और पूर्व के झारखंड पार्टी के रहे विधायक की तरह एक बार और मौका दें मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि अगर हमारी पार्टी जगह पर आती हैं तो हमारा पहला काम इस खेल के मैदान को आधुनिक स्टेडियम के रूप में बदलने का होगा यहां हर वह सुविधा होगा जो आज के आधुनिक स्टेडियम में होती है हर प्रकार की सुविधा होगी खेल प्रेमी को बैठने की व्यवस्था होगी आज हम बहुत ही प्रसन्न है कि इस दूरदराज प्रखंड में इस प्रकार का विशाल आयोजन समिति के द्वारा किया गया झारखंड पार्टी उन्हें नमन करती हैं और साथ ही साथ यह वचन देती है कि अगले वर्ष से समिति झारखंड पार्टी से जिस प्रकार का सहयोग चाहेंगे हम हर वह सहयोग करने के लिए तैयार रहेंगे और हम सभी मिलकर इस से भी भव्य का प्रतियोगिता का आयोजन करने में सफल हो पाएंगे।

## पीडीएस कार्डधारियों ने सोना सोबरन योजना का उठाया लाभ : अफरोज आलम



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबरन महत्वाकांक्षी योजना के तहत अलौदी पंचायत के पंचायत भवन में धोती साड़ी का वितरण कार्डधारियों के बीच किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम में पीडीएस कार्डधारकों के बीच सोना सोबरन योजना के अंतर्गत जन वितरण प्रणली संचालकों के माध्यम से धोती साड़ी का वितरण प्रति लाभुक से 10 रुपया प्राप्त कर किया जा रहा था। जो बीच में किसी कारण को लेकर लम्बे समय तक बन्द था। परंतु झारखंड सरकार द्वारा संचालित सोना सोबन योजना का लाभ पीडीएस कार्डधारियों को धोती साड़ी देने हेतु पुनः योजना को आरम्भ किया गया। इस संदर्भ में अलौदी पंचायत के पंचायत भवन में संचालित पीडीएस दुकान संचालकों ने जानकारी देते हुए बताया कि सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण किया गया। कार्डधारियों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के द्वारा किया गया। वही योजना का लाभ आशा देवी, झरियो देवी, प्यारी देवी, रहिमन खातुन, सरिता देवी, परदेशिया उराँव सहित 210 कार्डधारियों को दिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, सदस्य देवकी देवी, पंचायत समिति सदस्य के अलावे रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### खूंटी : स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह कचहरी मैदान में डीसी ने किया झंडोत्तोलन

## प्रगति के पथ पर अग्रसर है खूंटी जिला : डीसी लोकेश मिश्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** जिले में मुख्य समारोह कचहरी मैदान में आयोजित हुआ। समारोह में उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। उन्होंने राष्ट्र नायकों के साथ-साथ खूँटी की धरती पर जन्में भगवान बिरसा मुण्डा, गया मुण्डा सहित तमाम वीर सपूतों को नमन किया। उन्होंने जिले वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि लम्बे संघर्ष और हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है कि आज हम स्वतंत्र भारत के नागरिक के रूप में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। ऐसे में हम सभी का यह कर्त्तव्य बनता है, कि हम सब मिलकर भारत वर्ष की उन्नति और प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान साझा करें। कहा कि खूँटी जिला प्रशासन जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कृषकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि लाने के उद्देश्य से फलदार वृक्षों एवं नकदी फसल की खेती को बढ़ावा दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 26 हजार मनरेगा मजदूरों को कार्य उपलब्ध कराया गया है। एवं अब तक 7 लाख 52 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है तथा 9 हजार परिसम्पति का भी निर्माण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् लगभग 3400 एकड़ में फलदार वृक्ष रोपण किया जा रहा है, जिसके जरिए लगभग 4000 कृषक लाभान्वित होंगे। शिक्षा विभाग अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी, खूँटी में जिला प्रशासन द्वारा संचालित सपनों की उड़ान कार्यक्रम के तहत वर्ष 2023 में द्वितीय सत्र 2021-23 में अध्ययनरत कुल 55 बालिकाओं में से कुल 18 बालिकाएँ इंजीनियरिंग एवं 37 बालिकाएँ मेडिकल की तैयारी कर रही हैं। जिले में थैलिसिमिया डे केयर सेंटर की स्थापना एवं इमरजेंसी वार्ड का मरम्मति कार्य कराया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला मुख्यालय में 100 शय्या का नया अस्पताल भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिले के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत गोविन्दपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं तोरपा प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया अस्पताल भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा अडकी प्रखण्ड अंतर्गत मारंगहादा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि इस वर्ष हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, सपारूम, मुरहू को नेशनल क्वालिटी आशुरेंस स्टैंडर्ड्स प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है।

महिला, बाल विकास, समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा जिले में अवस्थित 840 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से तीन से छः वर्ष के लगभग 20 हजार बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जा रही है तथा गर्भवती एवं धातृ माताओं को पूरक पोषाहार योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़कों का जाल बिछाने का कार्य कर ग्रामीण इलाको को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक प्रगति हेतु आधारभूत संरचनाओं के विकास को नई उँचाईयों तक पहुँचाने के लक्ष्य के प्रति संकल्पित एवं लगातार प्रयासरत है। जलपथ प्रमण्डल, खूँटी अंतर्गत तजना बराज सिंचाई योजना एवं लतरातू जलाशय योजना के तहत कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। डीसी लोकेश मिश्रा ने कहा कि खूँटी जिला में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा राज्य के ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को निखारने और बढ़ाने के अवसर प्रदान करने के लिए सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन ग्राम स्तर पर किया जा रहा है। फुटबॉल का खेलो इण्डिया सेन्टर की स्थापना बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, खूँटी में किया गया है। साथ ही बिरसा कॉलेज, खूँटी परिसर में हॉकी एस्टोटर्फ मैदान का निर्माण किया गया है ।

## एमएसए स्कूल में धूमधाम से मना जश्ने-ए-आज़ादी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का धूम-धाम से मनाया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा सुबह 7 बजे तिरंगा यात्रा निकाला गया। स्कूल संस्थापक सह चेयरमेन मों शफीक अंसारी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी मुमताज खान, रूद्र शुक्ला व वार्ड पार्षद नीरा देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर हजारों कि संख्या में उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुमताज खान ने कहा कि एम.एस.ए स्कूल पोखराहा जैसे ग्रामिण इलाकों में कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रहा है और कम समय में अपना अलग पहचान बना चुका है। विशिष्ट अतिथि रूद्र शुक्ला ने कहा शफीक अंसारी सर जैसे दरियादिली इंसान का हमारे समाज को जरूरत है, एम.एस.ए स्कूल कम फीस में पढ़ाकर बड़े-बड़े नामी गिरामी स्कूलों से ज्यादा बेहतर रिजल्ट के साथ-साथ संस्कार दे रहे हैं। छात्र नेता अभिषेक मिश्रा ने कहा शफीक जी खुद गरीबी को जमीनी स्तर से झेलते हुए आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं, और वो गरीब बच्चों को दिल से शिक्षा देने का चाहत रखते हैं यही कारण है कि अभिभावकों का पहली पसंद बनते जा रहा है एम.एस.ए पब्लिक स्कूल। कार्यक्रम को सफल बनाने में एम.एस.ए के पुरी टीम के साथ साथ ग्रामीणों और अभिभावकों का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्राचार्य ओंकारनाथ अग्निमित्रा, राहुल पाण्डेय व मंच संचालन शिक्षक अफज़ल शफीक कर रहे थे।

## कोडरमा : मुख्य समारोह स्थल बागीटांड़ स्टेडियम में उपायुक्त ने फहराया झंडा

### इंटरनेशनल लेवल का पर्यटक क्षेत्र बना तिलैया डैम : डीसी मेघा भारद्वाज



प्रभात मंत्र संवाददाता


**कोडरमा :** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने मुख्य कार्यक्रम स्थल बागीटांड़ स्टेडियम पर झंडोत्तोलन किया। इस पावन अवसर पर जिले के उपलब्धियों को गिनते हुए उपायुक्त ने कहा कि सरकार की पहल पर इसी माह पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड द्वारा तिलैया डैम को राष्ट्रीय स्तर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यटक क्षेत्र के रूप में उत्क्रमित करते हुए अधिसूचित किया गया है, जो इस जिला के लिए गौरवान्वित करने का क्षण है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि सदर अस्पताल, कोडरमा में ऑक्सीजन पाइप लाइन के साथ वेंटीलेटर तथा आईसीयू शय्या मॉनिटर के साथ इमरजेंसी ट्रोमासेन्टर, बर्न वार्ड, टीबी वार्ड, मेन्टल वार्ड की स्थापना के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत इलाजरत मरीजों के लिए वातानुकुलित 30 शय्या वाला आयुष्मान वार्ड भी बनाया गया है। सदर अस्पताल, कोडरमा में विगत माह में 91,838 मरीजों का ईलाज किया गया तथा 10,497 मरीजों का ईलाज ईमरजेंसी किया गया, जो पूरे राज्य में शीर्ष तीसरे स्थान पर है। वहीं आयुष्मान भारत के अन्तर्गत कोडरमा जिला में इस वित्तीय वर्ष में विगत 04 माह में लगभग 8000 मरीजों का ईलाज किया गया, जिसमें कुल 2,63,64,956 रुपये की राशि का संग्रहण हुआ। आयुष्मान के तहत ईलाज में राज्य में कोडरमा जिला ने शीर्ष 2 में जगह बनाई। जिले में अबतक 3,22,827 आयुष्मान कार्ड बनाया गया है, राज्य में कोडरमा जिला तीसरे स्थान पर है। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा बेहतर जांच की सुविधा के साथ-साथ चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराये जाने के लिए जिला प्रशासन संवेदनशील है तथा इस दिशा में सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जैक बोर्ड की 8वी, 9वीं, 10वीं, 11वीं में लगभग 99त्न एवं 12वीं परीक्षा के विज्ञान संकाय में 97.02त्न विद्यार्थी उत्तीर्ण होकर, कोडरमा जिला; झारखण्ड राज्य में पहले स्थान पर रहा, जो एक बड़ी उपलब्धि है। कोडरमा जिले के मैट्रिक तथा इंटर परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं की उपलब्धि राज्य के अन्य जिलों की तुलना में उत्कृष्ट पाये जाने के कारण कोडरमा जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे प्राजेक्ट रेल को न केवल पूरे राज्य में लागू किया गया; बल्कि प्रारम्भ के दो माह झारखण्ड राज्य के सभी जिलों के सरकारी, अर्द्ध-सरकारी एवं गैर-सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रोजेक्ट रेल चलाये जाने की जिम्मेवारी कोडरमा जिला को सौंपी गई है। उपायुक्त ने बताया कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत् बालिकाओं के शिक्षा को बढ़ावा दिये जाने एवं उनके पोषण स्तर में सुधार तथा अन्य शैक्षणिक व्यय के उद्देश्य से जिले में अब तक कुल-4059 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। जिले के 90 आंगबाड़ी केन्द्रों को चिन्हित कर इनमें से 60 आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किये गये एवं शेष 30 आंगनबाड़ी केन्द्रों का कार्य प्रक्रियाधीन है। उपायुक्त ने बताया कि महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत 9 लाख 35 हजार मानव दिवस का सृजन किया गया है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी 51.81 प्रतिशत है। कोडरमा जिला, राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर है।


### रांची के कचहरी सर्किट हाउस में लगी आग

**रांची :** लालपुर थाना क्षेत्र के कचहरी स्थित सर्किट हाउस में गुरुवार दोपहर आग लग गयी। शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी है। इस घटना में कितना नुकसान हुआ है, इसका पता नहीं चल पाया है। आग सर्किट हाउस के निचले फ्लोर पर लगी थी। आग लगने से वहां अफरा-तफरी मच गयी।

























## दीपक प्रकाश ने जलाशय योजना के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर पलामू जिला अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम काकड़गढ में अमानत नदी पर प्रस्तावित अमानत जलाशय योजना का निर्माण करने की मांग की है। श्री प्रकाश ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लिखा है कि पलामू जिला अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम काकड़गढ के पास अमानत नदी पर एक जलाशय योजना के निर्माण वर्षों से प्रस्तावित था। जिसमें उक्त स्थल पर मिट्टी का बांध बनाकर दोनों तरफ नहरें निकाले जाने का कार्य शामिल था। इस योजना का सर्वेक्षण एवं डीपीआर केंद्रीय जल आयोग के कार्यालय में समीक्षा के क्रम में था, पर इस पर आगे की कार्रवाई रुकी रही । जिससे कि योजना के अभाव में उक्त क्षेत्र के संबंधित ग्राम सिंचाई सुविधा से आज भी वंचित है।श्री प्रकाश ने इस योजना की आवश्यकता पर जोर डालते हुए लिखा कि है इस योजना की डीपीआर को अद्यतन कर पुनः इसकी स्वीकृति प्राप्त कर योजना के निर्माण की कार्रवाई की जाए।